राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 10, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 28 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

डीटीयू की मेधावी छात्रा ने, पहले प्रयास में ही यूपीएससी सीएसई 2022 की परीक्षा में 19वां स्थान .... पेज 03

जनता की समस्याओं के समाधान में कोताही हरगिज ना करें : मुख्यमंत्री .... पेज 05

संयुक्त राष्ट्र की लीबिया के राजनीतिक गतिरोध में एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी .... पेज 07

## ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा- इससे आगे नहीं बढ़ेगा



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार की गुहार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल गुरुवार को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर तक कर दिया।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने केंद्र सरकार की गुहार आंशिक तौर पर स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में आगे कोई सेवा विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी।

पीठ ने सेवा विस्तार का आदेश पारित करते हुए कहा कि व्यापक सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए हम ईडी निदेशक को 15 सितंबर 2023 तक पद पर बने रहने की अनुमति देते हैं।

शीर्ष अदालत ने 11 जुलाई को मिश्रा के दो सेवा विस्तार को अवैध करार देते हुए उनके कार्यकाल की सीमा 31 जुलाई 2023 तय दी थी।

इसके बाद केंद्र सरकार ने 26 जुलाई को मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने की गुहार लगाते हुए शीर्ष अदालत से शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। अदालत ने उनकी गुहार स्वीकार करते हुए 27 जुलाई को सुनवाई की।

न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की गुहार पर इस मामले पर आज सुनवाई करने की सहमति व्यक्त की थी।

मेहता ने वर्तमान ईडी निदेशक श्री मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर दायर एक आवेदन पर सुनवाई करने की गुहार वशेष उल्लेख के दौरान लगाई थी।

मिश्रा को बार-बार सेवा विस्तार दिए जाने के खिलाफ एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से दायर जनहित याचिका पर बहस करने वाले वकील प्रशांत भूषण ने एक ट्वीट कर केंद्र की याचिका को 'बेतुका' बताया था।

शीर्ष अदालत ने अपने 11 जुलाई के फैसले में कहा था कि व्यापक सार्वजनिक हित के मद्देनजर 31 जुलाई 2023 तक उन्हें (संजय कुमार मिश्र) वर्तमान पद पर बने रहने की अनुमति दी जाती है।

यानी सरकार को इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की नियुक्ति करने के लिए करीब 20 दिनों की अवधि की मोहलत दे दी थी। पीठ ने हालांकि, केंद्र सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग (संशोधन) अधिनियम 2021 और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम 2021 की वैधता को दी गई चुनौती को खारिज कर दिया था।

इन दोनों संशोधित अधिनियमों में केंद्रीय जांच एजेंसियों - केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक के पद का कार्यकाल पांच वर्षों तक विस्तार की अनुमति दी गई है।

**विरोध प्रदर्शन**




मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को लेकर इंफाल पश्चिम जिले के लालमबुंग में प्रदर्शन के दौरान स्थानीय महिलाएं।

## सीबीआई करेगी मणिपुर वायरल वीडियो मामले की जांच

### वीडियो बनाने वाला फोन भी बरामद; 35 हजार जवान तैनात




#### मणिपुर में महीनों से जारी है हिंसा

मणिपुर में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के दौरान हिंसा भड़कने के बाद से राज्य में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं तथा कई अन्य घायल हुए हैं। राज्य में मेइती समुदाय की आबादी करीब 53 प्रतिशत है और वे मुख्य रूप से इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी जैसे आदिवासी समुदायों की आबादी 40 प्रतिशत है और वे अधिकतर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नग्न परेड कराने के मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने गुरुवार को ये जानकारी दी। हिंसाग्रस्त मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरे देश में आक्रोश है। विपक्षी दल सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर हैं।

एजेंसी ने शीर्ष सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर वायरल वीडियो मामले की सुनवाई मणिपुर से बाहर कराने का भी अनुरोध करेगी। इसके अलावा, जिस मोबाइल फोन से मणिपुर की महिलाओं का वायरल वीडियो शूट किया गया था, उसे बरामद कर लिया गया है और वीडियो शूट करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह मोबाइल फोन सीबीआई को सौंप दिया है।

#### 35 हजार जवान तैनात

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा माना जा रहा है कि जिस फोन से दरिंदगी का वीडियो लीक किया गया था, उसकी जांच से सिलसिलेवार घटनाओं का पता लगाया जा सकेगा। ये केस को सीबीआई को सौंपा जा रहा है। शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने कुकी और मैतेई समुदायों के सदस्यों के साथ कई दौर की बातचीत की है। प्रत्येक समुदाय के साथ छह दौर की बातचीत हुई।

पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा रोकने और शांति व्यवस्था बनाने के लिए सेना व सीआरपीएफ के 35 हजार जवान तैनात किए गए हैं। सूत्रों ने कहा कि मणिपुर में सेना, सीआरपीएफ और सीएपीएफ के 35000 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, सुरक्षाकर्मियों ने मैतेई बहुल घाटी इलाकों और कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों के बीच एक बफर जोन बनाया है। शीर्ष सरकारी सूत्र ने बताया, मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन सामान्य नहीं है। लगभग 35,000 सुरक्षाकर्मी मैदान पर हैं। दवा और दैनिक आपूर्ति की कोई कमी नहीं। खाद्य और आवश्यक आपूर्ति की कीमतें नियंत्रण में हैं।

बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी काम पर लौट रहे हैं और स्कूल भी फिर से शुरू हो रहे हैं। मणिपुर में दो महिलाओं की निर्वस्त्र परेड का वीडियो गत बुधवार, 19 जुलाई को सामने आया था जिसके बाद देश भर में आक्रोश फैल गया और विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। अधिकारियों ने बताया कि यह वीडियो चार मई का है।

### मणिपुर जाएगी विपक्षी सांसदों की टीम

नई दिल्ली। संसद में मणिपुर की घटना को लेकर जारी संग्राम के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया ने बड़ा फैसला किया है। जानकारी के मुताबिक इंडिया गठबंधन के सांसद मणिपुर का दौरा करेंगे। 29 और 30 जुलाई को यह टीम मणिपुर का दौरा करेगी। संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष लगातार प्रधानमंत्री से जवाब मांग रहा है। इसी बीच बुधवार को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने मोदी सरकार के खिलाफ मणिपुर की घटना को लेकर ही अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया। अब इंडिया के सांसदों का मणिपुर जाने का ऐलान केंद्र सरकार को घेरने के बड़े प्लान के रूप में देखा जा रहा है। मणिपुर की घटना पर सरकार के खिलाफ विरोध जताने के लिए गुरुवार को विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। उधार गृह मंत्री अमित शाह का कहा है कि सरकार सदन में बयान देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि मुद्दे को लेकर चर्चा हो लेकिन विपक्ष कोई भी चर्चा नहीं करना चाहता है इसीलिए सदन की कार्यवाही को ठीक तरीके से चलने नहीं दे रहा है। विपक्ष पीएम मोदी के बयान को लेकर ही अड़ा हुआ है। ऐसे में विरोध करने के लिए विपक्षी सांसद काले कपड़े पहनकर संसद पहुंच गए।

## संसद में छठे दिन भी मणिपुर पर विरोध

### काले कपड़ों में पहुंचा विपक्ष; तीन बार स्थगित हुई लोकसभा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। मणिपुर हिंसा पर गुरुवार (27 जुलाई) को भी संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। हालांकि रुक-रुककर हुई कार्यवाही के बीच लोकसभा में 2 बिल और राज्यसभा में 1 बिल पास हुआ। राज्यसभा ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) बिल पास किया, जिसमें पायरेसी के लिए 3 साल की जेल और प्रोडक्शन कॉस्ट का 5 प्रतिशत जुर्माने का प्रस्ताव है।

#### लोकसभा पूरे दिन में 3 बार स्थगित हुई

हंगामा कर रहे विपक्ष को स्पीकर ओम बिड़ला ने फटकार लगाई। उन्होंने कहा- पूरा देश देख रहा है, आप कैसा उदाहरण पेश करना चाहते हैं। हंगामा नहीं रुका तो सदन दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया।

2 बजे दोबारा सदन बैठा, लेकिन नारेबाजी लगातार जारी रही। एस जयशंकर और अधीर रंजन चौधरी के स्टेटमेंट के दौरान जमकर हंगामा हुआ, सदन 3 बजे तक स्थगित किया गया। हंगामे के बीच 2 बिल जन विश्वास संशोधन और रिपील एंड अमेंडमेंट बिल पास हुआ। इसके बाद कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।



#### रातभर प्रदर्शन करने की जरूरत नहीं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के निलंबित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सलाह दी कि वे रात भर धरने पर न बैठें। बजाय इसके वे हर दिन संसद की कार्यवाही समाप्त होने पर अपना प्रदर्शन भी खत्म कर दिया करें। वहीं, पीएम मोदी के राजस्थान दौरे पर खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी संसद में नहीं बल्कि राजस्थान में राजनीतिक भाषण दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि लोग अब जागरूक हो गए हैं और इस तरह की राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे। आप लोकतंत्र के मंदिर संसद में बात नहीं करना चाहते हैं, लेकिन राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज खोलने पर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं।

#### राज्यसभा से विपक्ष वॉकआउट कर गया

राज्यसभा में शुरुआत में 45 मिनट कार्यवाही चली। विदेश मंत्री एस जयशंकर जब बोल रहे थे तब विपक्ष नारेबाजी करता रहा। जवाब में भाजपा सांसदों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। जवाबी नारेबाजी में विपक्ष 'I.N.D.I.A-I.N.D.I.A' के नारे लगाने लगा। शोर न रुकता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को पहले 12 बजे तक, फिर 2 बजे तक स्थगित किया।

तीसरी बार जब कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया। इसके बाद सिनेमैटोग्राफ अधिनियम 1952 में संशोधन करने वाला बिल ध्वनि मत से पारित हो गया।

## भाजपा-आरएसएस को देश से नहीं सिर्फ सत्ता से है प्रेम : राहुल

### सत्ता के लिए ये मणिपुर को जला देंगे, सारे देश को जला देंगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर गुरुवार को फिर तीखा हमला किया और कहा कि मणिपुर जले, देश टूटे, हिंसा फैले, इन सबसे उनका मतलब नहीं है क्योंकि उन्हें सिर्फ सत्ता चाहिए और इसके लिए वे कुछ भी कर सकते हैं। गांधी ने आज युवा कांग्रेस के बेहतर भारत की बुनियाद पर सबका हक और सबकी जिम्मेदारी विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल आधार पर संबोधित करते हुए कहा कि देश



भाजपा, आरएसएस और कांग्रेस की विचारधारा में बंट गया है। कांग्रेस ने हमेशा संविधान की रक्षा और भाईचारे को बढ़ावा देने की लड़ाई लड़ी जबकि भाजपा-आरएसएस ने सत्ता के लिए देश को बांटने का काम किया है।

उन्होंने कहा, भाजपा-आरएसएस सिर्फ सत्ता चाहते हैं और सत्ता पाने के लिए ये कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता के लिए ये मणिपुर को जला देंगे, सारे देश को जला देंगे। इन्हें देश के दुख-दर्द से कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई चल रही है। जहां कांग्रेस की विचारधारा-संविधान की रक्षा, देश को जोड़ने और सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ने की है वहीं भाजपा-आरएसएस चाहते हैं कि कुछ चुनिंदा लोग यह देश चलाएं और देश का सारा धन उन्हीं के हाथ में हो।

## फिल्म की पायरेसी पर अब 3 साल की जेल होगी

### फिल्म की लागत का 5 प्रतिशत जुर्माना भी; सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 में अमेंडमेंट को मंजूरी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। भारतीय फिल्म उद्योग को पायरेसी (सामग्री चोरी) से होने वाली हानि को रोकने के लिए सिनेमेटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 बृहस्पतिवार को राज्य सभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

इससे पहले विधेयक पर चर्चा शुरू होने से पहले संपूर्ण विपक्ष ने मणिपुर हिंसा पर चर्चा कराने की मांग करते हुए सदन से बहिगर्मन किया।

लगभग दो घंटे तक चली चर्चा के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय फिल्म उद्योग को पायरेसी के कारण तकरीबन 20 हजार करोड़ रुपए की हानि प्रतिवर्ष होती है।

इस विधेयक के पारित होने से पायरेसी रोकने में मदद मिलेगी और इसका लाभ भारतीय फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों को होगा।

विधेयक के प्रावधानों के अनुसार पायरेसी को रोकने के लिए संबंधित व्यक्ति को तीन महीने से तीन वर्ष के बीच कारावास की सजा हो सकती है।

उस पर तीन लाख रुपए से लेकर सामग्री की कुल लागत का पांच प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा



सकता है।

परिवर्तित प्रावधानों के अनुसार फिल्मों के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जो प्रमाणपत्र जारी करेगा, वह हमेशा वैध रहेगा। अभी तक बोर्ड की तरफ से जारी प्रमाणपत्र 10 वर्षों के लिए वैध होते हैं। फिल्मों की पुन समीक्षा के अधिकारी केंद्र सरकार से हटा दिया गया है।

विधेयक में फिल्म प्रमाणपत्रों की कुछ अतिरिक्त श्रेणियां जोड़ी गयी है, जो आयु और पेशे पर आधारित हैं।

इसके अलावा टेलीविजन और अन्य मीडिया के लिए एक अलग प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी। इस विधेयक से मूल कानून में संशोधन किया जाएगा जो 1952 में बनाया गया था। इसमें एक संशोधन 1981 में किया गया था।

विधेयक में बीजू जनता दल के प्रशांत नंदा, अन्नाद्रमुक के एम थम्बीदुरैई, तृणमूल कांग्रेस के एम के जी के वासन, वाईएसआरसीपी के वी विजयसाई रेड्डी, तेलुगू देशम पार्टी के कनकमेला रवींद्र कुमार, आरपीआई ए के रामदास आठवले तथा भाजपा के अशोक वाजपेयी, राधा मोहन दास अग्रवाल, सोनल मानसिंह, पबित्रा मार्गरीटा, धनंजय भीमराव महादिक, कविता पाटीदार, गीता चंद्रप्रभा, विप्लव कुमार देब, अभय प्रताप सिंह, बाबू राम निषाद और जीवीएल नरसिम्हा राव ने हिस्सा में लिया।

**भारी बारिश**

**जगह-जगह भूस्खलन के चलते तीन राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सैकड़ों वाहनों की आवाजाही ठप्प**

## हिमाचल में 5,361.16 करोड़ का नुकसान, 168 लोगों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से मानसून में अब तक 5,361.16 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है तथा 168 लोगों की जान गई है।

राज्य के आठ जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' जारी है। जगह-जगह भूस्खलन के चलते तीन राष्ट्रीय राजमार्ग सहित सैकड़ों वाहनों की आवाजाही ठप्प है। अगले 24 घंटे के दौरान चंबा, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू, मंडी, बिलासपुर, सोलन व सिरमौर जिले में भारी बारिश हो सकती है। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कुछेक स्थानों पर बादल फटने जैसी घटनाएं भी हो



सकती है। इसे देखते हुए जनता को सावधानी बरतने, लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों व उफनते नदी-नालों के आस-पास न जाने की एडवाइजरी दी है। प्रदेश में 29 जुलाई से मानसून की बारिश में कुछ कमी देखने को मिल सकती है।

हिमाचल में भारी बारिश से मानसून में 24 जून से 26 जुलाई तक 5,361.16 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। 168 लोगों की जान गई है। बाढ़ से 653 मकान ढह गए, 6,711 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं जबकि 5491 घरों को आंशिक क्षति पहुंची है। 236 दुकानें 1668 गौशालाएं और 101 लेबर शेड व पुल ध्वस्त हुए हैं। हजारों लोग बेघर हुए हैं। इस दौरान भूस्खलन की 68 और अचानक बाढ़ की 51 घटनाएं सामने आई हैं।

वहीं, कई जलापूर्ति योजनाएं व बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। भारी बारिश से हुए भूस्खलन के पिछले 24 घंटों में बादल फटने से लुहारी-ऑट के बीच पुराने हिंदुस्तान-तिब्बत राष्ट्रीय राजमार्ग-5 और एनएच-305 बाधित हो गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि एनएच-5 झखड़ी के बरौनी और मंगलाद में अवरुद्ध है और एनएच-305 लुहरी औट भी तीन स्थानों पर अवरुद्ध है. खनेरी में पहाड़ी दरकने से बड़ी मात्रा में मलबा हाईवे पर आ गया। झाकड़ी के ब्रोनी नाले में भी वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लग गई। इससे हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ और किन्नौर जिले तथा कुल्लू के आनी और मंडी जिले की सराज घाटी के कई इलाकों से सड़क संपर्क टूट गया। प्रशासन ने कहा कि अन्य सभी वैकल्पिक मार्ग भी पहले से ही अवरुद्ध हैं। प्राकृतिक आपदाएँ प्रभावित लोगों की रातों की नींद उड़ा रही हैं और मूसलाधार बारिश और बादल फटने से भी लोगों में दहशत का माहौल है।

## वडोदरा की महिसागर नदी में 5 युवक बहे

### 3 की मौत 2 की तलाश जारी; मूर्ति विसर्जन के दौरान दो जगह हुआ हादसा

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा शहर में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मां दशामा की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो जगह हुए हादसों में 5 युवक महिसागर नदी में बह गए। इनमें दो युवकों के शव निकाले जा चुके हैं। वहीं, अन्य तीन की तलाश जारी है। फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीम के साथ स्थानीय युवकों की टीमें भी युवकों की तलाश में जुटी हुई हैं। नदी में बहाव के चलते युवकों के दूर तक बह जाने की आशंका है।

#### 40-50 लोग पहुंचे थे मूर्ति विसर्जन में

मिली जानकारी के मुताबिक, वडोदरा के किशनवाड़ी इलाके में रहने वाले प्रज्ञेश माछी (उम्र 23) के घर दशामा



की मूर्ति स्थापित की गई थी। आज सुबह ढोल-नगाड़ों के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए महिसागर नदी लाई गई थी। विसर्जन के लिए 40-50 लोग इकट्ठे हुए थे। विसर्जन के लिए मूर्ति सिंधरोट माही नदी पर बने चेक डैम पर लाई गई थी।

#### दोस्त को बचाने दूसरा कूदा, दोनों की मौत

मूर्ति विसर्जन के दौरान प्रज्ञेश माछी उफनती नदी में डूबने लगा। प्रग्नेश को बचाने के लिए उसका दोस्त सागर कुरी नदी में कूद गया।

पानी का बहाव तेज होने के कारण वह भी बह गया। दोनो युवक पलक झपकते ही गायब हो गए। अन्य युवकों ने इन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद दोनों युवकों के शव मिले।

## झारखंड के रांची में माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या



झारखंड में माकपा नेता सुभाष मुंडा की अपराधियों ने बुधवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार रांची के रातू थाना क्षेत्र के दलादली चौक के पास एक बाइक पर सवार होकर आए दो अपराधियों ने सुभाष मुंडा को गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने सुभाष मुंडा को आनन-फानन में रिंची हॉस्पिटल ले गये जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। थाना प्रभारी सपन कुमार महथा ने बताया कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



# शार्ट न्यूज

## जालंधर के 369 घरों में मिला डेंगू का लार्वा

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के सिविल सर्जन डॉ रमन शर्मा ने गुरुवार को स्वास्थ्य टीमों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की और जागरूकता गतिविधियों में और अधिक तेजी लाने के साथ-साथ डेंगू सर्वेक्षण और मच्छरों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। डॉ शर्मा ने डेंगू की रोकथाम के लिए कार्यक्रम अधिकारियों, जिला महामारी विशेषज्ञों, पर्यवेक्षकों, लैब तकनीशियनों और कर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने नगर निगम स्वास्थ्य शाखा की मदद से डेंगू की रोकथाम संबंधी हिदायतों का पालन न करने वाले लोगों के चालान करने को कहा। बैठक के दौरान उन्होने डेंगू की रोकथाम के लिए डेंगू सर्वे और फॉगिंग की योजना बनाई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में डेंगू का लार्वा मिले, एक सप्ताह के बाद स्वास्थ्य विभाग उस क्षेत्र में जाकर जांच करेगा और यदि दोबारा लार्वा मिले तो मौके पर ही चालान काटा जाए। सिविल सर्जन ने बताया कि इस साल अब तक 1,48,437 घरों का सर्वे किया गया है, जिसमें शहरी क्षेत्र के 35,651 और ग्रामीण क्षेत्र के 1,12,786 घरों का सर्वे किया गया है।

## हरियाणा में तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने तीन भारतीय प्रशासनिक अधिकारी (आईएएस) अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति के गुरुवार को तत्काल प्रभाव से आदेश जारी किए। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आईएएस अधिकारी और फरीदाबाद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक, अतिरिक्त निदेशक-अर्बन एस्टेट तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी फरीदाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड को मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड, फरीदाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी तरह भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, पंचकूला के अतिरिक्त निदेशक मनीष शर्मा को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण तथा गुरुग्राम महानगर सिटी बस लिमिटेड का सीईओ नियुक्त किया गया है। नूंह की अतिरिक्त उपायुक्त एवं नागरिक सूचना अधिकारी तथा नगरायुक्त रेनु सोगन को अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी पलवल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

## केंद्रीय विद्यालय संगठन ने नई शिक्षा नीति के दृष्टिकोण पर की चर्चा

देहरादून। केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविस) के देहरादून संभाग की ओर से गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और जवाहर नवोदय विद्यालय के साथ मिलकर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तीन साल पूरे होने पर, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समावेशन पर नई शिक्षा नीति के दृष्टिकोण पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केविस की उपायुक्त डॉ सुकृति रैवानी ने केविस द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उठाए गए कदमों और नवाचार पर पत्रकारों को जानकारी दी। साथ ही 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले केंद्रीय विद्यालय संगठन की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने विभिन्न रचनात्मक परियोजनाएं, जैसे जादुई पिटारा, बाल वाटिका संचालन, आधारभूत संख्यात्मक एवं भाषाई विकास, शिक्षा के रंग अभिभावकों के संग और अनेकों रचनात्मक कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने केविस द्वारा डिजिटल माध्यम से की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे मे भी जानकारी दी।

## 'इंडिया' सांसदों का प्रतिनिधिमंडल मणिपुर का दौरा करेगा: टीएमसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को बताया कि भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर का दौरा करेगा। पार्टी ने ट्वीट किया,एकजुटता बढ़ाने और अत्याचारों का विरोध करने के लिए, भारतीय सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल संघर्षग्रस्त राज्य का दौरा करेगा। पार्टी ने आरोप लगाया,अपनी संवेदनहीन उदासीनता को जारी रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी तक राज्य का दौरा नहीं किया है, लेकिन हम भाजपा की उदासीनता के खिलाफ लगातार लड़ने की प्रतिज्ञा करते हैं।मणिपुर के लोग न्याय के पात्र हैं। हम मणिपुर में शांति लाने के अपने संकल्प पर दृढ़ हैं। इस बीच, मणिपुर में चल रही हिंसा का विरोध करते हुए, संसद में 'इंडिया' के सांसदों ने पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी। पार्टी ने कहा,जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन और धारणा प्रबंधन में व्यस्त हैं, पूरा विपक्ष एकजुट है। प्रधानमंत्री जी, आपको अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।

## पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ आरोपी

अलवर। राजस्थान के अलवर में अदालत परिसर से पुलिस के होमगार्ड को चकमा देकर दुष्कर्म का एक आरोपी फरार हो गया जिस को पकड़ने के लिए कई थानों की पुलिस लगाई गई है लेकिन अभी तक उस आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस उपाधीक्षक नारायण सिंह ने बताया कि अलवर एन ई बी थाना पुलिस ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोप में राजगढ़ के ओडपुर निवासी गोविंदा उर्फ प्रेम को गिरफ्तार किया था। एएसआई दयाराम एक होमगार्ड के साथ उसे न्यायालय में पेश करने के लिए लेकर गए। एएसआई दयाराम 164 के बयान की फाइल कोर्ट में जमा कराने के लिए गया। पीछे होमगार्ड अकेला था ।उसको चकमा देकर गोविंद फरार हो गया। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कई थानों की पुलिस की टीमें गठित कर उसकी तलाश शुरू की गई।

## जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को दबा रही नीतीश सरकार : उपेंद्र कुशवाहा

राजगीर। राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कटिहार जिले के बारसोई थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली के लिए आंदोलनरत लोगों पर पुलिस की ओर से की गई फायरिंग पर आक्रोश जताते हुए आज कहा कि बिहार की नीतीश सरकार आम जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को दबा रही है। कुशवाहा ने गुरुवार को बिहारशरीफ परिसदन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कटिहार में बिजली के लिए आंदोलन कर रहे लोगों पर गोली चलाकर उनकी आवाज को बिहार सरकार के अधिकारियों ने बंद करने की कोशिश की है। उन्होंने इस घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तत्काल हस्तक्षेप कर दोषी के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी हिस्सों में बिजली उपलब्ध कराई जाए जिससे राज्य को अकाल का सामना नहीं करना पड़े। कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार एक ओर दावा कर रही है कि बिहार में सिंचाई के लिए जितनी बिजली की जरूरत है उसे उपलब्ध कराया जा रहा है।

## शिवराज महिला पुलिस को 250 दोपहिया वाहनों की सौंपेंगे चाबी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश में महिला पुलिस सशक्तिकरण की दिशा में महिला पुलिस को 250 दोपहिया वाहनों की चाबियाँ 28 जुलाई को कल मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में सौंपेंगे। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में पुलिस विभाग को आधुनिक संसाधनों से निरंतर सशक्त किया जा रहा है। दोपहिया वाहनों की महिला पुलिस को सौगात महिला अपराधों पर नियंत्रण में कारगर सिद्ध होगी। पीड़िताओं को शीघ्र न्याय दिलाने के लिये चौहान की मंशा अनुरूप पुलिस को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है। चौहान मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में प्रदेश के विभिन्न थानों में संचालित की जा रही 950 ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क को सशक्त बनाने के लिये दोपहिया वाहनों की चाबियाँ सौंपेंगे। इसके बाद स्टेडियम के मुख्य द्वार से ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क को आवंटित 250 दोपहिया वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर रवाना करेंगे। वाहन रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम आयेगी।

## 34 साल बाद श्रीनगर के बीचोंबीच मुहर्रम का जुलूस निकाला गया



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 34 साल के अंतराल के बाद गुरुवार को शहर के मध्य से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया।

जहां सरकार ने इसे 'ऐतिहासिक' घटना करार दिया, वहीं शोक संतप्त लोग पारंपरिक मार्ग से गुजरने वाले जुलूस का हिस्सा बनने के लिए भावुक दिखे। पारंपरिक मार्ग पर आठवीं मुहर्रम का जुलूस निकालने के लिए सैकड़ों शिया श्रद्धालु तड़के श्रीनगर की सड़कों पर उतरे।

काले लिबास पहने मातमी लोग शांतिपूर्वक स्तुति और नौहा पढ़ते हुए चले। शोक मनाने वालों ने गुरु बाजार से जुलूस शुरू किया और यह करण नगर, बुदशाह चौक, मौलाना आजाद रोड से होते हुए डलगेट पहुंचा जहां यह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। एक दर्शक ने कहा,यह हमारे लिए एक भावनात्मक दिन है।

हम अपने बुजुर्गों से गुरु बाजार से निकलने वाले मुहर्रम जुलूस के बारे में सुनते थे। और आज जब मुहर्रम का जुलूस उसी सड़क से गुजरा तो हम भावुक हो गये। शिया शोक मनाने वाले पुराने शहर के निवासी जफर ने कहा,34 साल बाद हमें जुलूस निकालने की इजाजत देने के लिए हम प्रशासन के आभारी हैं।

अस्सी के दशक के अंत में मुहर्रम जुलूस पर प्रतिबंध लगने के बाद कई युवा हर साल मुहर्रम के आठवें दिन पारंपरिक मार्ग पर मार्च करने की कोशिश करते थे लेकिन पुलिस उन्हें रोक देती थी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 34 साल के अंतराल के बाद आठवें दिन के मुहर्रम जुलूस को एक 'ऐतिहासिक अवसर' बताया। उन्होंने ट्वीट किया,आज कश्मीर घाटी में शिया भाइयों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि 34 साल बाद आठवीं मुहर्रम का जुलूस गुरु बाजार से डलगेट तक पारंपरिक मार्ग पर निकल रहा है।

## मनोज पांडे का सियाचिन ग्लेशियर का दौरा

श्रीनगर। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सियाचिन ग्लेशियर की बर्फ से ढ़की हुई सीमाओं का दौरा किया और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। सेना प्रमुख ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सेना के बहादुरों के सम्मान में सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। उन्होंने सियाचिन ग्लेशियर में सैनिकों के साथ बातचीत के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दृढ़ता के लिए उनकी सराहना की और उन्हें उसी उत्साह और प्रेरणा के साथ काम करना जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है और काराकोरम के पांच सबसे बड़े ग्लेशियरों में से एक है। यह समुद्र तल से 18,000 फीट की औसत ऊंचाई पर स्थित है।

## वाईएसआरसीपी-टीडीपी कार्यकर्ताओं में झड़प

**गुंटूर।** आंध्र प्रदेश में पलनाडु जिले के विनुकोंडा शहर में बस स्टेशन के पास भिड़ रहे सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी और विपक्षी तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने गुरुवार को हवा में गोलियां चलायी।

तेदेपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक जीवी अंजनेयुलु के खिलाफ दर्ज मामलों को हटाने की मांग को लेकर शहर में रैली निकाली। उसी समय वाईएसआरसीपी विधायक बोल्ला ब्राह्मणायडू उसी रास्ते से कार में जा रहे थे। विधायक को देखते ही तेदेपा कार्यकर्ताओं ने उनकी कार का घेराव करने की कोशिश की और वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका जिससे उनके बीच झड़प हो गई। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर पथराव किया और लाठियों से हमला किया।

सर्कल इंस्पेक्टर संबाशिवा राव ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से हवा में फायरिंग की और बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज करके कार्यकर्ताओं को तितर-बितर कर दिया।

पूर्व विधायक अंजनेयुलु के नेतृत्व में तेदेपा कार्यकर्ता सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक बोल्ला ब्राह्मणायडू द्वारा रेत और मिट्टी के कथित अवैध खनन के खिलाफ विरोध आंदोलन आयोजित कर रहे हैं। पुलिस ने रेत और मिट्टी मामले में ब्राह्मणायडु के अवैध खनन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए अंजनेयुलु सहित तेदेपा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए। मामले हटाने की मांग को लेकर तेदेपा नेताओं ने आज रैली निकाली।

## कैबिनेट मंत्री ईटीओ ने 49 सफाई कर्मचारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

अमृतसर। पंजाब के बिजली एवं लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने गुरुवार को यहां नगर परिषद जंडियाला गुरु में 49 सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल के दौरान अब तक 30 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किया है। मंत्री ईटीओ ने कहा कि पहले ये सफाई कर्मचारी आउटसोर्स आधार पर काम कर रहे थे और अब इन्हें अनुबंध के आधार पर नियुक्ति पत्र दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों का वेतन नगर परिषद द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जंडियाला हलके में पिछले डेढ़ साल के दौरान विकास कार्यों की झड़ी लग गई है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को यह बताने का साहस करना चाहिए कि उनके विधायकों ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के लिए क्या किया है। मंत्री ने कहा कि मान सरकार ने बिना किसी के साथ भेदभाव किए पूरे प्रदेश में विकास कार्य शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने विरोधियों के खिलाफ झूठी प्राथमिकी या मामले दर्ज कराने की तुच्छ राजनीति अपनाने के बजाय पार्टी लाइन से ऊपर उठकर निर्वाचन क्षेत्र के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है।

## पोर्टल से जनता को गुमराह कर रही सरकार : शैलजा

सिरसा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार पोर्टल से जनता की जिंदगी को गुमराह करने का काम कर रही है। पोर्टल योजनाओं की वजह से किसानों को भारी असुविधा और असहज स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। कुमारी शैलजा ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा, मेरा पानी मेरा ब्यौरा, ई-क्षतिपूर्ति जैसे पोर्टल लांच किए हैं। चाहे गेहूं, कपास, बाजरे या सब्जियों की फसल हो, इसे पोर्टल पर चढ़ाना होता है। अभी कपास की बिजाई हो रही है, कुछ जगह हो चुकी है, उसको पोर्टल पर 31 जुलाई तक चढ़ाना आवश्यक है। किसानों ने शिकायत की



है कि जिस पोर्टल पर यह ब्यौरा चढ़ाना होता है, वह चल ही नहीं रहा।

उन्होंने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा केंद्र सरकार की सिफारिश पर हरियाणा सरकार ने 2018-19 में शुरू किया था। जब यह शुरू हुआ तो अनेक तरह की दिक्कतें थीं। इसमें किसान, ब्यूरोक्रेट्स, बड़े अधिकारी अपना सर पकडक़र बैठ गए थे। भारी-भरकम रुकावटें इसमें आ रही थीं। सरकार ने तब गलती यह भी की कि पैरलल सिस्टम बंद नहीं किया। इसमें बहुत संघर्ष के साथ किसान को अपनी फसल बेचनी पड़ी। किसानों को पेमेंट्स में भी दिक्कत आई। किसानों ने मांग की कि इस डिजीटलीकरण के सिस्टम को वापस ले लिया जाए। परंतु सरकार इसमें सुधार की कोशिश में सफल नहीं हो पाई।

पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा की सर्विस कमजोर हैं। इंटरनेट सेवा मजबूत करने की जरूरत थी। पूरी सूची आज तक मेरी फसल मेरा ब्यौरा में नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि किसान कहीं भी अपनी फसल बेच सकता है जबकि इसमें ऐसा नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि पोर्टल पर सीमित समय क्यों दिया जाता है। उस पर पटवारी या नंबरदार की तसदीक क्यों आवश्यक है। कई कई गांवों में एक एक पटवारी है, वे समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते जिसकी वजह से किसान को मारे-मारे घूमना पड़ता है।

ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भी इसी तरह तकनीकी दिक्कतें आती हैं।

कांग्रेस नेत्री ने कहा कि फार्म भरकर संबंधित पटवारी व अधिकारियों से तसदीक करवाकर जमा करवाना पड़ता है। यह प्रक्रिया कतई नहीं होनी चाहिए क्योंकि किसान अपनी वैरिफिकेशन स्वयं कर देता है।

## नेपाल का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा देहरादून



### धामी से भेंट में विभिन्न विषयों पर चर्चा

**देहरादून।** नेपाल का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को उत्तराखंड भ्रमण पर देहरादून पहुंचा। पांच सदस्यीय इस प्रतिनिधिमंडल ने यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। उन्होंने भारत-नेपाल से जुड़े विभिन्न सम सामयिक विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

श्री धामी ने कहा कि भारत और नेपाल के लोगों में रहन-सहन, धार्मिक रीति-रिवाजों में काफी समानताएं हैं। उत्तराखंड का बड़ा क्षेत्र नेपाल की सीमा से लगा हुआ। भारत और नेपाल की चुनौतियां भी लगभग एक जैसी हैं। उन्होंने प्रतिनिधि मण्डल सदस्यों से कहा कि नेपाल के विकास के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, हर संभव मदद की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में मानस खण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत पहले चरण में 16 मंदिरों को इससे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल का भी काफी क्षेत्र मानस खण्ड में आता है।

नेपाल में भी मानस खण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कार्य हों, तो पर्यटन एवं तीर्थाटन के लिए उत्तराखण्ड आने वाले लोगों का रूझान नेपाल की ओर भी बढ़ेगा। जिससे लोगों को आजीविका बढ़ेगी। उन्होंने राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि नेपाल में भी इसी मॉडल के अनुरूप कार्य किए जा सकते हैं।

श्री धामी ने कहा कि राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। इसके माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ी हैं।

अपणि सरकार पोर्टल के माध्यम से अधिकांश जन सुविधायें ऑनलाइन की गई हैं। इस तरह की योजनाओं को नेपाल में आगे बढ़ाने के लिए राज्य से उनको जो भी सहयोग की अपेक्षा होगी, वह सहयोग दिया जायेगा।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल पम्पा भूसाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को एक युवा और उर्जावान नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड के तहत जिस योजना से उत्तराखंड सरकार कार्य कर रही है, नेपाल के पर्यटन मंत्री को वे इसकी जानकारी देंगी। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का क्रियान्वयन उत्तराखण्ड में बेहतर तरीके से हो रहा है और वे नेपाल के हित में भी होंगी, इन योजनाओं के अध्ययन के लिए समय-समय पर नेपाल से डेलिगेशन भेजने के लिए भी नेपाल सरकार से वार्ता की जायेगी।

प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती भूसाल के अलावा, रामेश्वर राय यादव, सत्या पहाड़ी, सुरेश कुमार राय, चक्रपाणि खनल 'बलदेव' शामिल थे।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मानवता के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास आवश्यक : मुर्मू

एजेंसी

भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भौतिकवादी परिवर्तन खुशी का कारक हो सकती है, लेकिन यह मानसिक शांति आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही प्राप्त की जा सकती है इसलिए मानवता के लिए भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास आवश्यक है।

मुर्मू ने आज यहां शहर के बाहरी इलाके दसाबतिया में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के 'दिव्य लाइट हाउस' की आधारशिला रखते हुए यह मंतव्य जाहिर किया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन की चालक है और विकास के लिए परिवर्तन अपरिहार्य एवं आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि महिलाओं की ओर से चलाया जाने वाला एक सामाजिक और आध्यात्मिक अभियान



भी है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ध्यान और अनुशासित जीवन शैली के माध्यम से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, समय-समय पर कुछ नकारात्मक विचार हमारे मन को परेशान करते हैं और आत्मनिरीक्षण की कमी के कारण हम नकारात्मक सोच का शिकार होने लगते हैं।

मुर्मू ने कहा , हमारे अंदर ईर्ष्या और नफरत की भावना बढ़ने लगती है। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती नकारात्मक विचारों से छुटकारा पाकर सकारात्मकता की ओर कदम बढ़ाना है।

## महाराणा प्रताप पर हो चित्तौड़गढ़ मेडिकल कॉलेज का नाम

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित मेडिकल कॉलेज का आखिरकार आज लोकार्पण हो ही गया जो पिछले एक वर्ष से राजनीति के चलते टलता जा रहा था।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं ने एक सुर में केंद्र सरकार से मांग की कि चित्तौड़गढ़ मेडिकल कॉलेज का नाम वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के नाम पर किया जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यहां पर 325 करोड़ की लागत से बने मेडिकल कॉलेज का वर्चुअल लोकार्पण सीकर से किया जहां पर स्वयं क्षेत्रिय सांसद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जोशी मौजूद रहे तो यहां पर आयोजित कार्यक्रम में किया केंद्रीय चिकित्सा राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल एवं राजस्थान धरोहर प्रोन्नति प्राधिकरण अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह जाड़ावत मुख्य अतिथि रहे।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राधिकारण अध्यक्ष जाड़ावत ने इस कॉलेज के लिए उनके प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा वादा है कि यहां पर अध्ययनरत छात्र जिनका एक वर्ष आज हो गया है और जब वे दो वर्ष बाद चिकित्सक बन जाएंगे तब तक यहां पर स्नातकोत्र मेडिकल फैकल्टी भी प्रारम्भ कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी तब विधायक रहे जाड़ावत के आग्रह पर मुख्यमंत्री गहलोत ने यहां पर मेडिकल कॉलेज की मांग को स्वीकृत किया और एक साल में इसके लिए भूमि एवं अन्स अहर्ताएं पूर्ण कर ली थी।

## राजस्थान राज्य स्थापत्य कला बोर्ड का होगा गठन

जयपुर। राजस्थान सरकार ने कुमावत जाति वर्ग की समस्याओं के समाधान तथा परम्परागत स्थापत्य कला को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में राज्य स्थापत्य कला बोर्ड के गठन को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बोर्ड गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा तीन अन्य गैर सरकारी सदस्य होंगे। स्कूल शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के शासन सचिव तथा उद्योग विभाग, श्रम विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आयुक्त इसमें सरकारी सदस्य होंगे। साथ ही, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक स्तर के अधिकारी बोर्ड में सचिव का कार्य करेंगे।

## उत्तराखंड में दस दिन में जेल विकास बोर्ड का गठन करें : हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश में जेलों में सुधार के मामले में सरकार को जेल विकास बोर्ड बनाने के लिये दस दिन की मोहलत दी है।

साथ ही कहा है कि यदि सरकार इस मामले में दस दिन में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेती है तो अदालत ने मुख्य सचिव और वित्त सचिव वर्चुअली पेश होने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में जेलों में सुधार के मामले को लेकर सतोष उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और जेल महानिरीक्षक विमला गुंज्याल



अदालत में वर्चुअली पेश हुए। इनके अलावा जेलों में सुधार के मामले तेलंगाना के पूर्व जेल अधीक्षक वीके सिंह और प्रो. मुरली भी वुर्चअली पेश हुए। कमेटी की ओर से जेल सुधार को लेकर कई सुझाव पेश किये गये।

कमेटी की ओर से जेलों में सुधार, प्रबंधन और निगरानी के लिये जेल विकास बोर्ड को आवश्यक बताया गया। कहा गया कि जेलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। कमेटी ने बंदियों के मानवाधिकारों और मौलिक अधिकारों के संरक्षण की बात भी कही।

सरकार की ओर से पेश जवाबी रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार जेलों में सुधार को लेकर आवश्यक कदम उठा रही है। कमेटी की ओर से दी गयी सिफारिश और सुझाव पर सरकार उचित कदम उठाया जा रहा है। प्रदेश में कई जेलों का निर्माण किया जा रहा है। जेल विकास बोर्ड का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

अदालत ने कमेटी की सिफारिश पर संपत्ति की गारंटी देने के मामले में छूट दी है।

## लाल डायरी की बजाय महंगाई से लोगों के हुए लाल चेहरो पर करे बात

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल डायरी को लेकर दिए बयान पर पलटवार करते हुए लाल डायरी को केवल हौवा करार दिया और कहा है कि इस पर बात करने की बजाय उन्हें महंगाई से हुए लोगों के लाल चेहरों पर बात करनी चाहिए।

गहलोत गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर इंदिरा गांधी गैस सिलेण्डर सब्सिडी



योजना के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीकर में अभी लाल डायरी पर भाषण दिया, प्रधानमंत्री पद की बहुत बड़ी गरिमा है। उनके पास इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई है, जिसका जमकर दुरुपयोग रहा है। क्या वो जानकारी नहीं ले सकते।

उन्होंने कहा कि यह जानबूझकर लालडायरी का हौवा खड़ा किया गया है । हमारे मंत्रिमंडल में साथ थे, उन्हें मोहरा बनाया गया और विधानसभा में लाल डायरियां लहराई गई। विधानसभा में जिस तरह का व्यवहार किया गया, उसका पूरा प्रदेश गवाह है। संसद में भी लाल डायरियां लहराई गई। उन्होंने कहा कि श्री मोदी और उनकी पार्टी घबरा गई है और अब प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री से लेकर उनके बड़े बड़े नेता बार बार राजस्थान आ रहे है।

## मुद्रा ऋण लेने वालों को औजार एवं टूलकिट के लिए मिलेंगी 5 हजार रुपये की सहायता

उदयपुर। अनुसूचित जाति विकास कोष एवं वाल्मीकि समुदाय विकास कोष के तहत प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में बैंको से ऋण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिये औजार एवं टूलकिट आदि के 5 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक गिरीश भटनागर ने बताया कि इस योजना में वर्ष 2023-24 में ऋण प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति एवं वाल्मीकि समुदाय के लाभार्थी जो अपने स्वरोजगार में औजारों का उपयोग करते है। ऐसे पात्र ऋणियों द्वारा औजार खरीदने का मूल बिल एवं औजारों के साथ खुद का फोटो प्रस्तुत करने पर अधिकतम 5 हजार रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में क्ठज् के माध्यम से जमा करायी जायेगी।

# शार्ट न्यूज

## डीटीयू की मेधावी छात्रा ने, पहले प्रयास में ही यूपीएससी सीएसई 2022 की परीक्षा में 19वां स्थान हासिल किया



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रद्योगिकी विश्वविद्यालय के B.Tech (Electronics and Communication) 2021 बैच की मेधावी छात्रा लघिमा तिवारी ने यूपीएससी सीएसई की परीक्षा 2022 को, अपने पहले प्रयास में ही पास कर अखिल भारतीय रैंक में 19वां स्थान हासिल करके विश्वविद्यालय और अपने अभिभावक का नाम रोशन किया है। आपको बता दें कि लघिमा तिवारी का जन्म राजस्थान के अलवर में एक साधारण परिवार में हुआ था, इनके पिता श्री सतीश चंद शर्मा, एक शिक्षक हैं और मां कांता शर्मा एक गृहिणी हैं द्व लघिमा तिवारी की स्कूली शिक्षा और पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई के बाद लघिमा तिवारी ने अपना पूरा ध्यान यूपीएससी सीएसई की तैयारी में लगा दिया। दिन रात एक करके कठिन परिश्रम और निष्ठा से की गई मेहनत रंग लाइ और पहले प्रयास में ही यूपीएससी सीएसई की परीक्षा 2022 को उत्तीर्ण करते हुए लघिमा तिवारी ने अखिल भारतीय रैंक 19 हासिल की।

## 45 लाख कैश के साथ एक युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने हवाला का अवैध कारोबार करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से बैग में 45 लाख रुपए और 05 फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए है। पुलिस ने बताया कि 25 जुलाई की शाम करीब पौने छह बजे थाना सेक्टर-113 नोएडा पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर जग जीवन उर्फ जग्गु पुत्र बाबूराम को सेक्टर-112 नोएडा से पकड़ा। इसके कब्जे से एक बैग में 45 लाख रुपए बरामद हुए थे। जग जीवन इन रुपए के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसकी जानकारी आयकर विभाग को दी गई। थाना पुलिस व आयकर विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ की। आरोपी जग जीवन ने बताया कि वो अपने अन्य साथी जितेंद्र, राहुल व एक अन्य अज्ञात के साथ मिलकर काले धन को सफेद करने के अवैध धंधे में संलिप्त है। जिसके लिये वह अपने फोटो लगे फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग करते है। जगजीवन ने रुपए से भरे बैग के साथ पकड़े जाते समय मौके का फायदा उठाकर अपने पास मौजूद पर्स को चुपचाप घास में फेंक दिया। गहनता से पूछताछ किए जाने पर निशादेही से सेक्टर-112 नोएडा, सड़क किनारे घनी घास से काले रंग का एक पर्स अगले दिन बरामद किया गया। जिसमें फोटो लगे 05 फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## गाजियाबाद में दो फुट तक घटा बाढ़ का पानी

गाजियाबाद। गाजियाबाद की हिंडन नदी में आई बाढ़ से गुरुवार को मामूली रूप से राहत मिली है। जलस्तर में करीब दो फुट तक गिरावट आई है। ऐसे में सबसे ज्यादा प्रभावित गांव करहैड़ा के कुछ घरों से पानी बाहर निकल आया है। बिजलीघर से भी पानी निकालने की कोशिशें जारी हैं। उम्मीद है कि कल से करहैड़ा इलाके की बिजली सप्लाई चालू हो जाएगी। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया, ट्रैक्टर मशीन लगाकर बिजलीघर में भरे पानी को बाहर निकलवाया जा रहा है। इसके बाद मशीनों की टेस्टिंग की जाएगी और फिर बिजली सप्लाई चालू कर दी जाएगी। एसडीएम के अनुसार, मैंने खुद ट्रैक्टर पर बैठकर बाढ़ प्रभावित गांवों का जायजा लिया है। अब जलस्तर घरों से निकलने लगा है। करीब दो फुट की कमी दर्ज की गई है। जो रास्ते पानी में डूबे हुए थे, वे फिर से दिखने लगे हैं। अगर जलस्तर में यूं ही कमी आती रही तो अगले दो दिन में जनजीवन पटरी पर लौटने की उम्मीद है। उधर, नगर निगम गाजियाबाद के आयुक्त नितिन गौड़ ने सिटी फॉरेस्ट से लेकर करहैड़ा गांव तक जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर में लोगों को दी जा रही सुविधाओं को परखा।

## गाजियाबाद में शराब ठेके से चुराए 90 हजार रुपए

गाजियाबाद। गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में चोरों ने अंग्रेजी शराब के ठेके से 90 हजार रुपए चुरा लिए। चोर ने लोहे की रॉड से ताले तोड़े और उसी रोड से गल्ला खोलकर रुपए निकाल लिए। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गाजियाबाद में जीटी रोड पर राजबाग मेट्रो स्टेशन के पास अंग्रेजी शराब का ठेका है। बुधवार देर रात चोरों ने ताले तोड़ दिए और लोहे की रॉड से शटर को उठा दिया। एक चोर अंदर घुस गया। उसने रॉड से गल्ले का भी ताला तोड़ दिया। इसके बाद गल्ले में रखे 90 हजार रुपए चुरा लिए। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में स्पष्ट तौर पर आरोपी रुपए चुराता दिख रहा है। वो बार-बार शटर की तरफ भी देख रहा था कि कहीं कोई आ न जाए। महज दो मिनट में उसने गल्ले से सारे रुपए निकाल लिए और फरार हो गया। इस मामले में ठेका संचालक की तरफ से थाना साहिबाबाद में तहरीर दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ले ली है और चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## एनसीसी भर्ती परीक्षा में 50 छात्रों का चयन

मोदीनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित डॉ. केएन सांइस और कामर्स इंटर कॉलेज परिसर में गुरुवार को कक्षा नौ के छात्रों की एनसीसी की 35 यूपी वाहिनी की भर्ती का आयोजन किया गया। जिसमें 245 छात्रों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर बताया कि भर्ती अधिकारी द्वार छात्रों की शारीरिक माप तौल, मेडिकल चैकअप के बाद साक्षात्कार लिया। इसके बाद लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि 50 छात्रों का चयन किया गया है। इसके बाद चयनित छात्रों ने कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने कहा कि एन सी सी कैडेट्स का समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान रहता है। इस मौके पर वाहिनी के सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह, हवलदार पूर्वा शेरपा, हवलदार मुरारीलाल, सीटीओ मोदी कॉलेज राजीव जांगिड, शारीरिक शिक्षक राजीव सिंह, एवं एन सी सी कैडेट्स आयुष, तरुण, हिमांशु भाटिया, हर्षवर्धन, चेतन, यश शर्मा आदि का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा मोदी इंण्डस्ट्रीज लिमिटेड की ईकाई मोदी डिस्टिलरी (मोदी आसवानी) परिसर में भी प्रर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धि के लिए लगभग एक हजार से अधिक वृक्ष लगाए गए। इस दौरान आबकारी विभाग के मुख्य अधिकारी, रवि शंकर पाठक ,वेदपाल सिंह मलिक, राजीव गुप्ता डीडी कौशिक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## वायु सेना के अफसर से फ्लैट दिलाने के नाम पर 10 लाख हड़पे

गाजियाबाद। भारतीय वायु सेना के वारंट अफसर नरेंद्र सिंह से फ्लैट दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रुपये लेने के बाद बिल्डर ने न तो फ्लैट दिया और न ही रुपए वापस किए। मामले में नरेंद्र सिंह ने अशोका प्रियांश बिल्डर के डायरेक्टर राकेश कुमार यादव और मनोज यादव के खिलाफ वेव सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। नरेंद्र मूलरूप से अमरोहा के रहने वाले हैं। हाल में आगरा में उनकी तैनाती है। नरेंद्र सिंह का कहना है कि 2014 में वह गाजियाबाद में बतौर जूनियर वारंट अफसर तैनात थे। उस दौरान उन्होंने अशोक प्रियांश बिल्डर के श्री साईं हाउस वाटिका प्रोजेक्ट में एक फ्लैट 25 लाख रुपये में बुक किया था। इसके लिए उन्होंने चेक के जरिये कई बार में बिल्डर राकेश यादव व मनोज यादव को 10 लाख रुपये दिए। सितंबर 2014 में राकेश यादव और मनोज यादव ने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी किए, जिसमें 15 महीने बाद फ्लैट पर कब्जा देने का वादा किया गया। आरोप है कि तय समय के बाद भी उन्हें फ्लैट का कब्जा नहीं दिया गया। मौके पर जाकर पता चला कि राकेश और मनोज ने जमीन व निर्माणाधीन फ्लैट बेच चुके हैं। बाकी को बेचने की तैयारी कर रहे हैं। विरोध करने पर राकेश और मनोज ने उन्हें पांच-पांच लाख के दो चेक दिए जो बाउंस हो गए। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच कर रही है।

# कंझावला केस के 4 आरोपियों पर चलेगा हत्या का मुकदमा

### अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी; अंजलि को 12 किमी तक घसीटा था

नई दिल्ली। दिल्ली के कंझावला हिट एंड ड्रैग केस में चार आरोपियों पर हत्या का केस चलेगा। कोर्ट के एडिशनल सेशन जज नीरज गौड़ ने 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है।

गुरुवार को रोहिणी कोर्ट ने चार आरोपियों मनोज मित्तल, अमित खन्ना, कृष्ण और मिथुन पर हत्या, सबूत मिटाना, आरोपी को पनाह देना और साजिश के आरोप तय किए हैं।

साथ ही दीपक, आशुतोष और अंकुश पर झूठी खबर देने का आरोप लगाया है। इन तीनों को साजिश के आरोप से बरी कर दिया है।

एक आरोपी अमित पर लापरवाही से गाड़ी चलाने की धारा लगाई गई है। अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। इसमें कोर्ट औपचारिक तौर पर आरोप तय करेगी।



#### अप्रैल में पुलिस ने 800 पेज की चार्जशीट दाखिल की थी

इस मामले में कोर्ट ने 17 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जाने पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 1 अप्रैल को सातों आरोपियों के खिलाफ 800 पेज की चार्जशीट फाइल की थी।

दिल्ली में 31 दिसंबर की रात में कार सवार पांच युवकों ने 20 साल की अंजलि को टक्कर मारी थी।


## जिम में व्यायाम कर रहे युवक की हालत बिगड़ी, मौत

**खोड़ा।** वंदना विहार की जिम में मंगलवार शाम व्यायाम करते समय डिलीवरी बॉय कपिल कुमार (25) की तबीयत बिगड़ने पर मौत हो गई। जिम के अन्य युवक उन्हें तुरंत दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गए थे। बुधवार को परिजनों ने शव मिलने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया। इस घटना से परिवार के साथ पड़ोस व रिश्तेदारों में गम का माहौल है। मामले में खोड़ा पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। खोड़ा की सरस्वती विहार कालोनी में अच्छेलाल के परिवार में कपिल के साथ दो छोटे बेटे व चार बेटियां हैं। दो साल पहले पत्नी की मौत हो चुकी है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। कपिल एक कंपनी में डिलीवरी बॉय का काम करते थे। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह वंदना विहार कालोनी की यूनिसेक्स मसल क्रेज जिम में व्यायाम करने पहुंचे थे। वहां कुछ देर व्यायाम करने के दौरान उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह जिम से बाहर आ गए।

## ज्वेलर की चाकू गोदकर हत्या, एक कर्मचारी गिरफ्तार; 3 फरार

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के करोल बाग में कर्मचारियों ने 42 साल के ज्वेलर की चाकू गोदकर हत्या कर दी। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गुरुवार सुबह 30 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (केंद्रीय) संजय कुमार सेन ने कहा कि उन्हें बुधवार रात करीब 10.45 बजे करोल बाग थाने में बीडनपुरा इलाके में एक घर की तीसरी मंजिल पर चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी।

सेन ने कहा, पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उन्हें वहां एक व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा मिला जिसपर चाकू से कई वार किए गए थे। घायल शख्स की पहचान बाद में प्रताप जाधव के रूप में हुई। मृतक महाराष्ट्र के सांगली जिले के घोटी गांव का रहने वाला था। बाद में अपराध स्थल का निरीक्षण करने के लिए फोरेंसिक टीमों को बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि मृतक इलाके में ज्वैलर्स को सोना सप्लाई करने का कारोबार करता था। डीसीपी सेन ने कहा, पुलिस ने उस




जगह से 39.50 लाख रुपए नगद बरामद किए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। हमें अपराध स्थल के पास चार संदिग्ध दिखाई दिए। आगे सत्यापन करने पर पता चला कि उनमें से दो मृतक के कर्मचारी थे और उनकी पहचान गणेश कुमार और सुदीप कांबले के रूप में हुई। कर्नाटक के विजयपुत जिले के टिकोटा गांव के निवासी कांबले को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य तीन अभी भी फरार हैं। अन्य संदिग्धों को पकड़ने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि करोल बाग पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# हिंडन और यमुना डूब क्षेत्र का होगा एरियल सर्वे

नोएडा। हिंडन के डूब क्षेत्र में बने सैकड़ों घरों से हजारों लोग पलायन कर रहे हैं। नदी का अस्तित्व संकट में डालकर महज 5 से 8 हजार प्रति वर्गमीटर के हिसाब से यहां भू माफियाओं ने जमीन को बेचा। अब यहां निवास कर रहे लोगों पर संकट है। हिंडन नदी का जल स्तर बढ़ा तो सैकड़ों घरों के अंदर पानी भर गया। नोएडा के चोटपुर, हैबतपुर, सोरखा , कुलेसरा पुश्ता, सुत्याना में जलभराव की स्थिति है। यहां से 1000 लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

सभी को नोएडा के सेक्टरों में बने शेल्टर होम में शरण दी गई। हालांकि डीएम मनीष वर्मा ने बताया कि हिंडन और यमुना के जल स्तर में थोड़ा सुधार है।

बुधवार को यमुना में 44086 क्यूसेक पानी बह रहा था, जो मंगलवार की तुलना में 28 हजार क्यूसेक तक कम हो गया था। ओखला बैराज पर यमुना का जलस्तर 198.15 मीटर मापा गया। वहीं, हिंडन की बात करें तो करीब दस से अधिक गांवों को प्रभावित कर चुकी इस नदी के जलस्तर में भी करीब दो हजार क्यूसेक पानी की गिरावट दर्ज हुई है। हिंडन का जलस्तर 201.15 मी.



दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 24 घंटे में सहारनपुर से कोई पानी नहीं छोड़ा गया है, लेकिन भारी बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ सकता है, ऐसे में 48 घंटे का रेड अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों को जल्द ही नजदीकी बारात घर व प्रशासन के बने शिविर में जाने की अपील की गई।

#### यमुना और हिंडन में होगा एरियल सर्वे

सीईओ लोकेश एम ने बताया, डूब क्षेत्र में किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं हो सकता। ये भी बताया गया कि यहां मकानों की रजिस्ट्री हुई है। ये कैसे हो गई। इसके लिए प्लाट वार रिपोर्ट मांगी गई है। रजिस्ट्री विभाग के साथ बैठक की जाएगी।

# न्यूरो से जुड़े मामलों में तुरंत मिलेगा एडवांस इलाज, मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने शुरू किया न्यूरो कमांड सेंटर

**गाजियाबाद।** दिल्ली एनसीआर के अग्रणी अस्पतालों में शामिल मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने आज एक स्टेट ऑफ आर्ट न्यूरो कमांड सेंटर शुरू किया है. न्यूरो से जुड़े इमरजेंसी मामलों जैसे न्यूरो ट्रामा, न्यूरोलॉजिकल व न्यूरोसर्जिकल केयर के मरीजों को यहां दिखाया जा सकेगा. मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में ये सेंटर डॉक्टर गौरव अग्रवाल की मौजूदगी में लॉन्च किया गया. डॉक्टर गौरव मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में ऑपरेशंस और यूनिट हेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हैं. इनके अलावा यहां न्यूरोलॉजी के एचओडी, सीनियर डायरेक्टर व मेडिकल डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉक्टर संजय सक्सेना, न्यूरोसर्जरी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर मनीष वैश, इमरजेंसी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर धीरज भास्करन नायर मौजूद रहे.

इस न्यूरो कमांड सेंटर में हाई टेक डायग्नोस्टिक तकनीक है, जिसमें लेटेस्ट 3 टेस्ला एमआरआई और 128-स्लाइस सीटी शामिल हैं. ये उन्नत इमेजिंग उपकरण, न्यूरो मॉनिटरिंग उपकरणों के साथ रोग को जल्दी डायग्नोज करते हैं और मरीजों के वेटिंग पीरियड को घटाते हैं.




इवेंट के दौरान मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में ऑपरेशंस और यूनिट हेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा, %%न्यूरो मामलों में दक्षता और स्विफ्ट रिस्पांस ही वो कारण हैं जिनकी मदद से मरीज के बचने के चांस अधिक हो जाते हैं. इस कमांड सेंटर का शुभारंभ मरीजों को बेस्ट पॉसिबल केयर देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

स्किल्ड न्यूरोलॉजिस्ट, न्यूरो सर्जन और क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट की टीम मिलकर इस कमांड सेंटर में हर मरीज को अच्छी केयर प्रदान करेगी.

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में न्यूरोलॉजी के एचओडी, सीनियर डायरेक्टर व मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर संजय सक्सेना ने कहा, इस कमांड सेंटर की सबसे बड़ी ताकत ये है कि इसमें अलग-अलग मेडिकल सुविधाएं एक साथ मौजूद हैं. आपस में तालमेल बनाकर हमारी टीम के स्पेशलिस्ट मरीज को बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया कराते हैं. एडवांस डायग्नोस्टिक उपकरण रोग का एकदम सही तरीके से पता लगाने में मदद करते हैं और एक्यूट स्ट्रोक, स्टेटस एपिलेप्टिकस और न्यूरोमस्कुलर कमजोरी जैसे मामलों में डॉक्टर्स को प्रॉपर रणनीति बनाने में मदद देते हैं.

मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में न्यूरोसर्जरी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर मनीष वैश ने इसमें जोड़ते हुए कहा कि न्यूरो से जुड़ी दिक्कतों जैसे सिर की चोट, ब्रेन हैमरेज के मामलों में टाइम बहुत ही अहम रोल अदा करता है और मौत-जिंदगी का फासला तय करता है.

डॉक्टर मनीष ने कहा, न्यूरो कमांड सेंटर में हमारी डेडिकेटेड टीम न्यूरो की समस्याएं झेल रहे मरीजों को समय पर और विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो एक मील का पत्थर है. एडवांस तकनीक और स्किल्ड लोगों की टीम के साथ मिलकर यहां बेहतर इलाज दिया जा रहा है और मरीजों के लिए अच्छे रिजल्ट सुनिश्चित किए जा रहे हैं. हमारा मकसद न्यूरो इमरजेंसी केयर में नए मानक स्थापित करना है.

मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में इमरजेंसी हेड डॉक्टर धीरज भास्करन नायर ने कहा, इस लॉन्चिंग के साथ मैक्स हॉस्पिटल वैशाली में इमरजेंसी बेड की संख्या 28 पहुंच गई है जो हमारे कमिटमेंट और हर तरह की स्थिति को मैनेज की क्षमताओं को दर्शाता है.

इनोवेशन और स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाओं के लिए मैक्स हॉस्पिटल वैशाली अपनी पहचान रखता है और इसी कड़ी में पिछले साल ही केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह की मौजूदगी में हार्ट कमांड सेंटर शुरू किया गया था. इस सेंटर में दिल से जुड़े मरीजों को तुरंत केयर मुहैया कराई जाती है और इलाके के लोगों को इसका बहुत फायदा मिलता है.

# दिल्ली में आधी रात को सड़क पर उतरे एलजी वीके सक्सेना

### जल्द ही सभी कार्यों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना मौके पर मुआयना और निरीक्षण करने की अपनी अनूठी शैली को जारी रखते हुए देर रात सड़कों पर पैदल घूमते हुए आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी सड़कों और उनसे जुड़े स्थानों के रखरखाव और बदलावों का लगातार जायजा ले रहे हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके दौरे और निरीक्षण से जनता को कोई असुविधा न हो और यातायात बाधित न हो, उपराज्यपाल रात्रि राज निवास से बाहर निकले और प्रत्येक दौरे पर दो से तीन घंटे तक सड़कों पर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। 25.07.2023 को उन्होंने धौला कुआं से सरदार पटेल मार्ग होते हुए 11 मूर्ति के बीच पैदल दौरा किया। इसी तरह उन्होंने 26.07.2023 को मदर टेरेसा क्रिसेंट पर 11 मूर्ति से तीन मूर्ति मार्ग और अकबर रोड तक का भी दौरा



किया। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों के आवागमन में उपयोग होने वाली लगभग 60 सड़कों का सौंदर्यीकरण जोर-शोर से हो रहा है। उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारियों के साथ मिलकर 30 अगस्त तक इन सभी स्थानों का दौरा करेंगे, जिससे तय समय में फुटपाथों की मरम्मत की जा सके, सड़कों के किनारे हरियाली को बढ़ाया जा सके और सफाई सुनिश्चित की जा सके। अपनी पिछले दोनों दौरों के दौरान उपराज्यपाल ने एनडीएमसी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी कार्यों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

उपराज्यपाल द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का मकसद दिल्ली को आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार करने के अलावा यह भी सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रीय राजधानी लंबे समय तक इस तरह के आयोजनों के लिए पूरी तरह से रहे।

उपराज्यपाल के दौरे के दौरान फूल-पौधों के गमलों से भरी 3 गाड़ियां होती हैं जिससे उन्हें तुरंत उपयुक्त जगहों पर लगाया जा सके। इसके अलावा इस दौरान आवश्यकतानुसार छोटी-मोटी मरम्मत करने के लिए कर्मचारी और पेड़ों की छंटाई करने के लिए मशीनरी भी मौके पर ही मौजूद होती है।

यह ध्यान देने योग्य है कि वी.के. सक्सेना, दिल्ली के उपराज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के साथ ही दिल्ली को हरी भरी और साफ-सुथरी बनाने के जमीनी प्रयास कर रहे हैं। यही वजह है कि धौला कुआं और आईजीआई हवाई अड्डे के बीच खंड का पूरी तरह से कायाकल्प हो चुका है। इसी तरह श्री सक्सेना ने हाल में दिल्ली में आई बाढ़ से प्रभावित राजघाट पर परिचालन की निगरानी करते हुए और डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के सामने ढह गए रेगुलेटर नंबर 12 की साइट पर भी स्वयं उपस्थित रहे थे।

# कार की खिड़की पर लटककर बनवाई रील : तीन गिरफ्तार

### कार भी हुई सीज; बर्थडे मनाकर लौट रहे थे

गाजियाबाद। गाजियाबाद में पुलिस की तमाम सख्ती के बावजूद स्टंटबाजी खूब हो रही है। बुधवार रात भी ऐसा ही हुआ। लिंक रोड थाना क्षेत्र में दौड़ रही बलैनो कार की खिड़कियों पर दो लड़के लटककर रील शूट करवाते दिखाई दिए। वीडियो वायरल हुई तो गाजियाबाद पुलिस हरकत में आई और कार नंबर के आधार पर पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट किया है। पकड़े गए युवकों ने बताया कि रात में वो बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे थे।

#### साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन के आसपास बनी ये वीडियो

ये वीडियो लिंक रोड थाना क्षेत्र में बनाई गई, जब कार साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन की तरफ बढ़ रही थी। सफेद रंग की कार की स्पीड काफी तेज थी। इसके लेफ्ट वाली दोनों खिड़कियों पर दो लड़के बाहर निकलकर खड़े थे। बैकग्राउंड में कोई हरियाणवी म्यूजिक चल रहा था। पीछे दूसरी कार से चल रहे लड़कों ने ये रील शूट की और फिर वायरल कर दी।

वीडियो वायरल होने के कुछ घंटे बाद ही गाजियाबाद कमिश्नरनेट पुलिस ने ट्वीट करके बताया, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो जिसमें कुछ लड़के खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए दिख रहे हैं। उक्त संबंध में थाना लिंक रोड पुलिस द्वारा गाड़ी को सीज कर एक अभियुक्त को पकड़ लिया गया है। स्टंटबाजी की वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना लिंक रोड पुलिस ने एक को अरेस्ट किया था। उससे पूछताछ के बाद दो आरोपी बाद में पकड़े गए। इनकी पहचान प्रियांशु सिंह, अर्जुन त्यागी और राहुल आहूजा के रूप में हुई है।


## मोदीनगर में विधायक पति के साथ धोखाधड़ी

मोदीनगर। मोदीनगर में भाजपा विधायक पति व भाजपा नेता से प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के अनुसार एक महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोदीनगर से भाजपा विधायक डॉ. मंजू शिवाच के पति डॉ. देवेन्द्र शिवाच नगर के जानेमाने सर्जन हैं। बताया जा रहा है कि नगर की किदवईनगर कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी डीलर बाबू और मेरठ के भूडबराल निवासी इकबाल के माध्यम से कादराबाद की रामवाटिका में 500 वर्ग गज के प्लॉट का सौदा 35 लाख रुपये में तय हुआ। विधायक पति ने विक्रेता के खाते में मई 2022 में आरटीजीएस के माध्यम से तीन बार में 30 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। निर्धारित तिथि आने पर विक्रेता ने बैनामा नहीं किया और कई महीनों तक टालने के बाद बैनाम करने से इंकार कर दिया। आरोपी ने कुछ माह बाद रकम लौटाने का वादा किया। समय आने पर आरोपी रकम लौटाने से भी मुकर गया। आरोप है कि रकम मांगने पर आरोपी ने विधायक पति से अभद्रता की तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद विधायक पति ने मामले की शिकायत डीसीपी ग्रामीण जोन से की। ग्रामीण जोन के आदेश पर मोदीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

# ग्रेटर नोएडा में आयोजित होगा पहला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

### 21 से 25 सितंबर तक एक्सपो मार्ट में ट्रेड शो का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपो मार्ट के संयुक्त प्रयास से आगामी 21 से 25 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और इंडिया एक्सपो मार्ट की तरफ से एक्सपो मार्ट में पहला रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा के तमाम उद्यमी शामिल हुए। इस रोड शो में उद्यमियों व व्यापारियों को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में पीपीटी के जरिए जानकारी दी गई। दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रति



वर्ष होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को बृहद स्तर पर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के मकसद से इस ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है।

इस रोड शो में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी व उद्योग विभाग के प्रभारी विशु राजा ने ट्रेड शो के बारे में जानकारी साझा की। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार, नोएडा प्राधिकरण, इनवेस्ट यूपी, उद्योग बंधु के अधिकारी, व्यापार संघ और चैंबर्स के प्रतिनिधि, उद्यमी, निर्यातक और एक्सपो मार्ट के अधिकारी शामिल हुए। रोड शो के दौरान प्रमुख औद्योगिक व व्यापार संघों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इंडिया एक्सपोमार्ट के सीईओ सुदीप सरकार ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एमएसएमई, पर्यटन, स्वास्थ्य, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्ट-अप, खिलौना संघ और उत्तर प्रदेश के शिल्प क्लस्टर, हथकरघा और कपड़ा, सूक्ष्म और अति सूक्ष्म उद्योग आदि से जुड़े लोग शामिल होंगे। नोएडा एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने कहा कि यूपी सरकार की इस पहल से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के उद्योगों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सकेगी। रोड शो के दौरान न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर से आदित्य घिल्डियाल व एनके गुप्ता सहित एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, हायर अपलायेंसेज, मिंडा कॉर्पोरेशन, होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए।

नई दिल्ली
शुक्रवार 28 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## हिमाचल की तबाही से सबक लेने की जरूरत

हिमाचल प्रदेश प्रकृति और पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत राज्य है। हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष बरसात की वजह से जो हुआ है, उसने न केवल इस राज्य की समूची आबादी को, बल्कि देश के बाकी हिस्सों में भी सबको यह सोचने पर मजबूर किया है कि इसकी वजहें क्या हैं और अब आगे क्या करना है। राज्य में पहाड़ी इलाकों से गुजरने वाली नदियों का पानी इस स्वरूप में दिखा मानो कोई प्रलय हो और उसमें सब कुछ तबाह हो जाएगा।

नदियों के विकराल रुख की वजह से हिमाचल प्रदेश में बेतरतीब विकसित हुए व्यावसायिक और रिहाइशी इलाकों में जिस पैमाने पर नुकसान हुआ, उसके समांतर ही बड़े पैमाने पर सड़कों की तबाही के मंजर ने यह बताया है कि अगर प्रकृति की सामान्य गति में बाधा पैदा की जाएगी तो उसके नतीजे क्या हो सकते हैं। अकेले हिमाचल प्रदेश में करीब आठ हजार करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार के बीच तालमेल से जरूरत भर राशि की व्यवस्था संभव हो जा सकती है, लेकिन इस बार की बाढ़ और बारिश से जिस पैमाने पर जनजीवन तहस-नहस हुआ, उसे फिर से पटरी पर आने में शायद लंबा वक्त लगे।

अन्य पहाड़ी राज्यों की तरह हिमाचल प्रदेश प्रकृति और पर्यटन की दृष्टि से खूबसूरत राज्य रहा है। पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार भी है। इस क्रम में पर्यटकों को खींचने वाली अमूमन सभी जगहों पर जिस तरह के निर्माण हुए हैं, रिहाइश से लेकर होटलों और व्यावसायिक परिसरों की शृंखला खड़ी हुई, उसने राज्य की नदियों के सामान्य प्रवाह को बुरी तरह बाधित किया।

होटलों और सड़क निर्माण के मामले में सबसे बुनियादी पहलुओं की भी अनदेखी की गई और यह तक ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा गया कि नदी के प्रवाह से कितनी दूरी तक कोई निर्माण नहीं करना चाहिए। नतीजा यह हुआ कि इस बार जब भारी बारिश के पानी का बोझ नदियों पर पड़ा तो उसने मुख्य प्रवाह के आसपास के इलाकों को तबाह किया।

खासतौर पर मनाली से मंडी के बीच ब्यास नदी में तेज रफ्तार से आ रहे पानी में कई मकान, वाहन, जानवर और होटल बह गए। राष्ट्रीय राजमार्गों की तबाही से पता चला कि रफ्तार और आवाजाही की सुविधा में इजाफा करने के लिए बनाई गई चार लेन की अच्छी सड़कें दरअसल किस संकट को न्योता दे सकती हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के एक अध्ययन के मुताबिक कुछ साल पहले हिमाचल में एक सौ अठारह हाइड्रो परियोजनाएं चल रही थीं, जिनमें सड़सठ ऐसी जगहों पर हैं, जहां पहाड़ कभी भी खिसक सकते हैं।

इसमें कोई शक नहीं कि विकास वक्त की जरूरत होते हैं। लेकिन अगर इसमें संतुलन का ध्यान नहीं रखा जाता है तो उसके नतीजे क्या सामने आ सकते हैं, हिमाचल की त्रासदी ने यही बताया है। नदियों से अवैज्ञानिक तरीके से खनन, पहाड़ों की सुरक्षित स्तर तक कटाई करके बनाई गई सड़कों को नब्बे डिग्री के कोण पर काटना, बड़ी ढांचागत परियोजनाएं और अनेक गतिविधियों की वजह से पहाड़ों की संरचना में आई आंतरिक कमजोरी, पहाड़ों के सीने को भेद कर सुरंगों के निर्माण आदि का परिणाम ही है कि बारिश के दिनों में भूस्खलन की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। कहा जा सकता है कि व्यापक तबाही का मंजर देखने के बाद अब इसके कारणों की ओर सबका ध्यान जा रहा है। ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए व्यापक तंत्र का गठन वक्त का तकाजा है। मगर क्या अब संभलने के क्रम में इससे मिले सबक को याद रखा जाएगा? प्रकृति के साथ रहते हुए मनुष्य ने जीवन-स्थितियों को बेहतर करने के उपाय निकाले। लेकिन मनुष्य की गतिविधियों की वह हद कहां है, जिसमें प्रकृति जीवन देने के बजाय तबाही का जरिया बन जा रही है?

## अविश्वास प्रस्ताव क्यों

**मणिपुर हिंसा को लेकर संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्ष ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की मांग की है। लोकसभा स्पीकर ने इसकी मंजूरी भी दे दी है। लेकिन सबके मन में यही सवाल है कि आखिर अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष को क्या मिल जाएगा।**

मणिपुर की घटनाओं पर चर्चा की मांग को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चल रहा गतिरोध आखिर सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव की वजह बन गया। दिलचस्प है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मणिपुर पर चर्चा चाहते हैं, फिर भी चर्चा नहीं हो पा रही और मॉनसून सत्र का एक-एक दिन हंगामे की भेंट चढ़ता जा रहा है। गतिरोध की जड़ में है यह सवाल कि किस नियम के तहत चर्चा हो। सत्ता पक्ष नियम 176 के तहत चर्चा कराने को तैयार है, मगर विपक्ष अड़ा हुआ है कि चर्चा नियम 267 के तहत ही हो। पहले नियम के तहत संक्षिप्त चर्चा होती है, हालांकि सबकी सहमति से चर्चा की अवधि को कुछ बढ़ाया जा सकता है। मगर यह बढ़ाई हुई अवधि भी विपक्ष को कम लग रही है। वह चाहता है कि सभी कामकाज स्थगित कर मणिपुर पर विस्तार से चर्चा हो। दूसरी बात इसके साथ लगी हुई यह है कि इस नियम के तहत चर्चा होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वक्तव्य देना होगा। विपक्ष की मूल मांग यही रही है कि प्रधानमंत्री सदन के अंदर मणिपुर पर बयान दें। सरकार इसे अनावश्यक बताती रही है। उसके मुताबिक चूंकि मामला कानून-व्यवस्था का है, इसलिए गृहमंत्री का बयान देना काफी है।

बहरहाल, दोनों पक्षों की यही जिद है जिसकी परिणति अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस के रूप में हुई है। सवाल है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से आखिर विपक्ष को क्या मिल जाएगा। सदन में सरकार को पूर्ण बहुमत हासिल है ही, अगर उसने जोर लगाया तो हो सकता है जिन दलों के विपक्षी गठबंधन की ओर जाने की थोड़ी-बहुत संभावना अभी बनी हुई है, उनमें से भी कुछ दल अविश्वास प्रस्ताव पर सरकार का समर्थन करते दिख जाएं। प्रधानमंत्री ने कह भी दिया है कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहता है तो लाने दीजिए, उसे इससे कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरी ओर, विपक्ष ने अपने इस कदम से ज्यादा उम्मीदें ही नहीं पाली हैं। उसके मुताबिक वह इस प्रस्ताव के जरिए किसी को हराना या जीतना नहीं चाहता। वह तो बस मणिपुर के मसले पर प्रधानमंत्री को सदन के सामने लाना चाहता है, जिसके लिए पीएम और सरकार तैयार ही नहीं हो रहे थे। अब इस प्रस्ताव पर चर्चा के बहाने न केवल मणिपुर पर विस्तृत चर्चा हो जाएगी बल्कि सदन में प्रधानमंत्री का विस्तृत बयान भी आ जाएगा। हालांकि संसद के मंच पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण ही कहा जाता है। लेकिन मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की कवायद मायूस करती है। बेहतर होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती।



विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस (28 जुलाई) पर विशेष

## समझनी ही होगी प्रकृति की मूक भाषा



योगेश कुमार गोयल

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं।

पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में बताया गया है कि प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है।

प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा।

प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है।



कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं।

छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं।

हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं।

पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है।

पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें।

जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें।

बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है।

कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार और चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)**

## जीवन अमूल्य है, निराशा और चिंता को जीवन में स्थान न दें

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अत: सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अत: निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए।




## मणिपुर की स्तब्ध करने वाली तस्वीरों को कैसे देखें

अवधेश कुमार

मणिपुर से महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने, उन्हें अपमानित करने के वीडियो ने संपूर्ण देश को स्तब्ध किया है। हिंसा किसी प्रकार की हो , महिलाओं और बच्चों को ज्यादा त्रासदी झेलनी पड़ती है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि वीडियो में जो लोग भी जघन्य अपराध करते दिख रहे हैं उनको उपयुक्त सजा मिलेगी। बावजूद इस घटना की चर्चा करते समय हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मणिपुर में कई तरह की हिंसा जारी थी। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का यह वक्तव्य वायरल है कि आपको एक घटना की चिंता है न जाने कितनी घटनाएं ऐसी हुई है। यही सच है। यह घटना कूकी महिलाओं से संबंधित है। हमें पता है कि मैतेयी समुदाय की कितनी महिलाओं के साथ क्या-क्या हुआ होगा? जितनी संख्या में घर बार छोड़कर लोगों को विस्थापित होना पड़ा उसमें यह कल्पना आसानी से की जा सकती है अनेक महिलाओं के साथ भयानक दुर्व्यवहार हुए होंगे। जब तक हिंसा के पीछे के सच को और जिस तरह वो घटी उस तरह नहीं देखा जाएगा तो इसका निदान ढूंढना मुश्किल होगा। यह वीडियो मैतेई और कुकी समुदायों के बीच झड़प के एक दिन बाद यानी 4 मई की है । विचार करने की बात है कि यह वीडियो अब क्यों जारी हुआ?

इंडिजेनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने स्वयं द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन और संसद सत्र आरंभ होने के एक दिन पूर्व वीडियो जारी किया। जाहिर है, समय का ध्यान रख यह वीडियो जारी हुआ। इससे देश और दुनिया भर में यह संदेश देने की कोशिश हुई कि मैतेयी हिन्दू उत्पीड़क हैं और? पीड़ित समुदाय केवल कूकी हैं, जिनमें ज्यादातर ईसाई हैं। यह सच नहीं है कि पुलिस ने पहले इसका संज्ञान नहीं लिया था । 4 मई को घटना हुई थी और मामले में 18 मई को कांगपोकपी जिले में जीरो एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मामला संबंधित पुलिस स्टेशन को भेज दिया गया। जब भी कहीं जातीय, नस्ली, सांप्रदायिक अलगाववादी हिंसा होती है तो सुरक्षाबलों व प्रशासन की पहली भूमिका उसे शांत करने की रहती है। आप इंडीजीनस ट्राईबल फोरम के विरोध प्रदर्शन को देखिए तो सभी काला ड्रेस पहने हुए हैं। इतनी संख्या में काला ड्रेस मुफ्त नहीं मिल सकता। साफ है कि विरोध के पीछे ऐसी शक्तियां हैं जो कुछ अलग उद्देश्य पाना चाहती हैं। वस्तुत: मणिपुर की हिंसा का यह ऐसा पहलू है जिसको समझने की कोशिश करनी होगी। अभी तक के आंकड़ों के अनुसार मणिपुर में कुल 6000 हिंसा की घटनाएं हुईं ,5000 से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है, 6700 से ज्यादा लोग गिरफ्तार हैं ,70 हजार के आसपास विस्थापित हैं, 10 हजार ने मणिपुर छोड़ दिया तथा 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। अनेक मारे गए लोगों के शव मोर्चुअरी में पड़े हैं जिन्हें ले जाने वाला कोई नहीं। उन हालातों में न जाने कितने भयावह और जघन्य अपराध हुए होंगे इसकी आसानी से कल्पना की जा सकती है। उसमें एक वीडियो समय का ध्यान रखते हुए जारी करने का उद्देश्य क्या हो सकता है? आने वाले समय में ऐसी और घटनाओं के भी विवरण आएंगे जो हमें आपको बार-बार अंदर से हिला सकते हैं। 4 जून को ही भीड़ ने एक एंबुलेंस को रास्ते में रोक उसमें आग लगा दी। एंबुलेंस में सवार 8 साल के बच्चे, उसकी मां और एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गई। मृतका मां मैतेई समुदाय से आती थीं और उनकी शादी एक कुकी से हुई थी। इस तरह की हिंसा को किस श्रेणी में रखेंगे?

वीडियो जारी करने वाले विश्व भर को संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि मैतेयी हिंदुओं ने कूकी ईसाइयों के साथ इसी तरह की बर्बरता की। साफ है कि वह केंद्र एवं प्रदेश दोनों सरकारों को विश्व भर में अल्पसंख्यकों का खलनायक तो साबित कर ही रहे हैं ऐसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं ताकि वहां हिंसा कायम रहे और वे अपना लक्ष्य पा सके।

इस संघर्ष को हिंदू बनाम ईसाई संघर्ष कहना गलत होगा। ईसाई संघर्ष होता तो इसमें नगा भी शामिल होते। हां, अलगाववाद और हिंसा के पीछे चर्च अवश्य मुख्य प्रेरक कारक है। पूर्वोत्तर में अलगाववाद एवं हिंसक आंदोलनों के पीछे चर्च की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज भी है। मणिपुर में कूकियों का एक बड़ा समूह म्यान्मार से आया। इन्हें चिन कूकी कहा जाता है। इनके अनेक हथियारबंद समूह खड़े हैं। इनका लक्ष्य बांग्लादेश, म्यानमार और मणिपुर के हिस्से को मिलाकर एक स्वतंत्र देश बनाना है। मैतेयी मणिपुर तक सीमित है लेकिन कुकी पूरे पूर्वोत्तर में फैले हैं जिनमें गैर ईसाई अब बहुत कम होंगे। 2008 में लगभग सभी कुकी विद्रोही संगठनों के साथ केंद्र सरकार ने सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन या एसओएस समझौता किया जिसका उद्देश्य इनके विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकना था। कई संगठनों ने वादा नहीं निभाया। अंतत: इस वर्ष 10 मार्च को मणिपुर सरकार ने दो संगठनों के साथ समझौता रद्द कर दिया। ये संगठन हैं जोमी रेवुलुशनरी आर्मी यानी जेडआरए और कुकी नेशनल आर्मी यानी केएनए। बीरेन सिंह सरकार ने इनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की। एरियल सर्वे कराकर अफीम की खेती को नष्ट करना आरंभ हुआ। मादक औषधियों के व्यापार के लिए कुख्यात म्यानमार, थाईलैंड, बैंकॉक का गोल्डन ट्रायंगल इससे जुड़ा है। दूसरे, जंगलों की भूमि पर इनके अवैध कब्जे को भी मुक्त कराने का अभियान चला। मणिपुर का लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र पहाड़ी तथा 10 प्रतिशत मैदानी हैं। मैतेयी मणिपुर की लगभग 53 -54 प्रतिशत आबादी है, जो हिंदू हैं,लेकिन 10प्रतिशत मैदानी क्षेत्रों यानी इंफाल घाटी में रहते हैं। पहाड़ी इलाकों के 33 मान्य जनजातियों में मुख्यत: नंगा और कुकी हैं जिनमें ज्यादातर का ईसाई धर्म में धर्मांतरण हो चुका है। मैतेयी समुदाय 1949 तक आदिवासी माना जाता था।? इन्हें सामान्य जाति बना दिया गया। ये सारी सुविधाओं और विशेष अधिकारों से वंचित हो गए। दूसरी ओर पहाड़ी जनजातियों को संविधान से विशेषाधिकार मिले हैं। भूमि सुधार कानून के अनुसार कुकी और नगा तथा अन्य जनजातियां मैदानी क्षेत्र में जमीन खरीद सकते हैं लेकिन मैतेयी पहाड़ी क्षेत्र में नहीं खरीद सकते। कूकी और नगा धीरे-धीरे मैदानी इलाकों की जमीन खरीद कर इसमें बस रहे हैं ,चर्चों की संख्या बढ़ रही है। परिस्थितियों में मैतेयी समुदाय के भी कुछ लोग ईसाई धर्म कर ग्रहण कर चर्च में जाने लगे हैं। इससे वहां सामाजिक तनाव बढ़ता गया है। वैसे मणिपुर में कूकियों के साथ अन्याय का आरोप लगाने वाले नहीं बताते कि राजनीति में अवश्य मैतेयी समुदाय का वर्चस्व है लेकिन पुलिस और प्रशासन मुख्यत: कूकियों के हाथ में है। घटना के दौरान पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस उप महानिदेशक दोनों कूकी थे। प्रदेश में 21भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी कूकी हैं। सरकार द्वारा संरक्षित जंगलों और वन अभयारण्य में गैरकानूनी कब्जा करके अफीम की खेती करने के विरुद्ध अभियान जैसे-जैसे बढ़ा अलगाववादी समूहों ने कूकियों को भड़काया कि भाजपा केवल हिंदुओं के हितों के लिए काम कर रही है और तुम्हारी पुश्तैनी जमीन से तुम्हें हटा रहे है।

3 मई को कूकियों की रैली थी और इसी दौरान कांगपोकपी नाम की जगह पर पुलिस से उनका टकराव हुआ। महिलाओं को नग्न कर भीड़ द्वारा उत्पीड़न करने का वीडियो वहीं के पास का है। टकराव में पांच प्रदर्शनकारियों के साथ पांच पुलिसवाले भी घायल हुए थे। कल्पना की जा सकती थी कि वहां क्या स्थिति रही होगी।

बंद और विरोध प्रदर्शन चुराचंदपुर में हुआ जहां मुख्यत: कूकी और नागा आबादी है लेकिन हिंसा की घटनाएं इंफाल घाटी में हुई। 27-28 अप्रैल तक हिंसा कूकी और पुलिस के बीच थी। इसके बाद यह मैतेयी और कूकी टकराव में बदला। 3 मई को ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन ने यह आरोप लगाते हुए एकता मार्च% निकाला कि सरकार मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने जा रही है। उसके साथ हिंसा शुरू हो गई। महिलाओं का वीडियो ठीक इसके अगले दिन का है। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए यह अवश्य ध्यान रखिए कि कूकी महिलाएं संघर्ष के अग्रिम मोर्चे पर रखी जाती हैं। इंडियन आर्मी गो बैक की तख्तियां लेकर आंदोलन के अग्रिम पंक्तियों में चलती महिलाओं की तस्वीरें वहां आम हैं।

ऐसे मामलों में कानून निष्पक्षता से कार्रवाई करें यह हम सब चाहेंगे। किंतु जितनी बड़ी खाई हो गई है उसको पाटने के लिए कई स्तरों पर लंबे समय तक काम करने की आवश्यकता है। ऐसे संवेदनशील मामले में अत्यंत सधे हुए तरीके से प्रतिक्रियाएं व्यक्त करने एवं कदम उठाने की आवश्यकता है। दुर्भाग्य से हमारी राजनीति क्षण भर के लिए भी ठहर कर इस दिशा में सोचने को तैयार नहीं है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शुक्रवार 28 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com


## शार्ट न्यूज

### एयू के हॉस्टल में हिंदू युवक की पिटाई

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हॉस्टल में हिंदू युवक को पीटने का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि हॉस्टल में एक छात्र युवक को बेल्ट और लात-घूसों से पीट रहा है। युवक हाथ जोड़कर कह रहा- प्लीज मुझे मत मारो...छोड़ दो। आरोपी ने युवक को पीटने के बाद उससे अपने जूते पर नाक भी रगड़वाई। वीडियो में रूका छात्र नेता फरहान जुबेरी भी बैठा नजर आ रहा है। घटना 23 जून की है। वीडियो आज सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित युवक का नाम आकाश है, जबकि आरोपी छात्र का नाम जैद मोहम्मदी है। आकाश प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। महेशपुर गांव के पास उसके दोस्त का एक होटल है। मारपीट करने वाले छात्र इस होटल पर अक्सर शराब पीने के लिए आते थे। युवक ने छात्रों को शराब पीने से रोका था। इसके बाद छात्र उससे काफी नाराज हो गए थे। रंजिश मानने लगे थे। जिसके चलते आरोपियों ने उसे 23 जून को बुलाया था। हॉस्टल में ले जाकर पीटा। उस वक्त मामला पुलिस तक भी पहुंचा था। पुलिस ने पीड़ित और आरोपियों पर 151 की कार्रवाई की थी। बाद में आकाश को छोड़ दिया गया था। घटना के बाद से आकाश शहर से गायब है। उसका फोन भी बंद आ रहा है।

### क्लास में 10वीं की छात्रा से टीचर ने किया रेप

चित्रकूट। चित्रकूट में 10वीं की छात्रा के साथ टीचर ने रेप किया है। टीचर ने छुट्टी के बाद छात्रा को एक्स्ट्रा क्लास के बहाने रोका। फिर रूम में ले जाकर जबरन दरिंदगी की और वीडियो बना लिया। इसके बाद वह छात्रा को ब्लैकमेल करने लगा। वह लगातार 5 महीने से छात्रा का यौन शोषण कर रहा था। आरोप है कि इसमें टीचर के साथ कॉलेज के 3 और कर्मचारी शामिल हैं। मंगलवार को छात्रा की तबीयत अचानक खराब हुई, तो घरवाले उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे 5 महीने की गर्भवती बताया। फिलहाल, पुलिस ने रेप व पॉस्को का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरी घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 साल की बेटी हाईस्कूल में पढ़ती है। कॉलेज में तैनात संविदा शिक्षक मो. इरशाद निवासी शास्त्रीनगर पिछले 5 महीने से बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा है। बेटी को स्कूल की छुट्टी होने के बाद एक्स्ट्रा क्लास के बहाने से रोक लेता था। उसने बेटी का एक वीडियो भी बना लिया था, जिसे वायरल करने की धमकी देकर यौन शोषण कर रहा था। डर की वजह से बेटी हम लोगों को इस बारे में नहीं बताई। हालांकि, बेटी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। कहती थी कि उसके पेट में दर्द हो रहा है।

### मणिपुर हिंसा के विरोध में रालोद का प्रदर्शन

**मेरठ।** मेरठ में गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने मणिपुर में 4 मई को महिलाओं के साथ हुई बर्बरता का विरोध किया। इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया। कहा कि केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को मूकदर्शक बनकर होने दिया, जिसने मणिपुर के नाजुक सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। मणिपुर में हो रही हिंसा पर दुख जताते हुए जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कहा कि मणिपुर हिंसा ने दूसरे पूर्वोतर राज्यों में भी तनावपूर्ण स्तिथि पैदा कर दी है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक संकट पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई और न ही देश के प्रधानमंत्री ने सदन की कार्रवाई में शामिल होकर अपना वक्तव्य दिया। लोकदल के कार्यकर्ताओं ने सरकार से मांग कि मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर निष्पक्ष जांच की जाए। मणिपुर में महिलाओं, आदिवासी, दलितों व गरीबों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगायी जाए। हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कार पलटी

इटावा। इटावा में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर झपकी आने कार पलटी छः लोग घायल हो गए। एक मासूम की मौत हो गई।परिवार प्रतापगढ़ से गाजियाबाद जा रहा था। कार पलटने से कार सवार सात लोग घायल हो गए। जिसमें इलाज के दौरान ढाई माह की मासूम ने दम तोड़ दिया। सभी घायलों का उपचार सैफई मेडिकल में किया जा रहा है। गुरुवार सुबह के समय चौबिया थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर प्रतापगढ़ से गाजियाबाद कार से जा रहा परिवार गांव ऊनवा संतोष पुर के समीप नींद की झपकी आने की वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ढाई माह की मासूम समेत सात लोग सवार थे सभी लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान ढाई माह की आराध्या ने सैफई में दम तोड़ दिया। कार चालक अनुराग तिवारी अपने पिता ज्ञान नाथ और मां मीरा त्रिपाठी एवं बहन शालिनी पांडे अपनी ढाई माह की पुत्री आराध्या एवं राहुल अपनी पुत्री प्रिया समेत साथ लोग सफर कर रहे थे। झपकी आने की बजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। सभी घायलों को घटना स्थल पर पहुंची 112 पुलिस पीआरबी ने घायलों को कार से निकाल कर सैफई में भर्ती कराया। जहां पर ढाई माह की मासूम आराध्या ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बाकी लोगों का इलाज जारी है।

### जमीन पर अवैध कब्जा रोकने पर बवाल , 5 घायल

**कौशांबी।** कौशांबी में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के जिला महामंत्री की दबंगई गुरुवार को नारा गांव में देखने को मिली है। बीजेपी नेता ने अपने समर्थको संग जबरन पुलिस चौकी नारा के सामने की जमीन पर बाउंड्री बनाकर कब्जा करने की कोशिश की। पीड़ित पक्ष ने रोकने की कोशिश की, जिस पर आरोपियों ने हमला बोलकर 5 लोगों को लहूलुहान कर दिया है। बवाल की घटना के बाद पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मंझनपुर के नारा गांव में डॉ. नरेश केसरवानी पुत्र सोहन लाल का परिवार रहता है। पेशे से डॉक्टर नरेश केसरवानी ने पुलिस चौकी के सामने 4 बीघे 16 बिस्वा जमीन खरीद के छोड़ी थी। इस पर भाजपा नेता (जिला महामंत्री बीजेपी युवा मोर्चा) नीरज मोदनवाल अपनी होने का दावा कर रहे हैं। पिछले 3 दिन से बीजेपी नेता नीरज मोदनवाल ने विवादित जमीन पर निर्माण शुरू करा दिया। पीड़ित डॉ. नरेश केसरवानी ने बताया कि उनकी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत उन्होंने एसडीएम सिराथू से की। एसडीएम ने प्रकरण में शनिवार को स्टे देकर निर्माण कार्य रोकने का आदेश दिया। इसके बाद भी आरोपी पक्ष जबरन निर्माण नहीं रोक रहे थे। गुरुवार को निर्माण रोकने पर आरोपी नेता और उसके समर्थकों ने उसके पक्ष पर हमला बोल दिया।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन

शामली। शामली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में मुख्य चौराहों से होते हुए समस्त विभाग के पदाधिकारियों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मार्च निकाला। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मार्च कर रहे लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार पेंशन की बहाली करें। जिससे सरकारी कर्मचारी के परिवार को उनके बाद मदद मिल सके। सदर कोतवाली क्षेत्र के रोड पर पैदल मार्च निकाल रहे यह लोग सरकारी विभागों से जुड़े हुए हैं। यहां यह लेखपाल विभाग राजस्व विभाग चकबंदी विभाग वह अन्य सरकारी विभागों से अपनी ड्यूटी छोड़ पुरानी पेंशन बहाली के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एक और जहां इस प्रदर्शन में रिटायर्ड वह वर्तमान में ड्यूटी पर तैनात समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया। वहीं उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। वह इस मामले में प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना है कि केंद्र सरकार के द्वारा प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों की पेंशन की बहाली होनी चाहिए। पुराने नियमों को देखते हुए ही बहाली लागू की जाए। जिससे प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को सेवा देने वाले व्यक्ति के परिवार को भी फायदा हो सके।

# जनता की समस्याओं के समाधान में कोताही हरगिज ना करें : मुख्यमंत्री

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनीं 180 लोगों की समस्याएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में आए 180 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही हरगिज ना करें।



मुख्यमंत्री एक-एक करके सबके पास खुद गए और सभी की समस्याओं को विस्तार से जाना। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफसरों को हस्तगत करते हुए जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए भरपूर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं भूमि और संपत्ति विवाद के मामलों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये।

# प्रयागराज में ट्रेन से कटकर रेलवेकर्मी समेत दो की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिनमें एक रेलवे का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी शामिल है। दोनों की लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। पहली घटना नगर के शाहगंज थाना अंतर्गत लीडर रोड जीआरपी कॉलोनी की है। यहां के रहने वाले सुजीत (58) पुत्र शहजादा के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। वह रेलवे में सफाई कर्मचारी थे। पत्नी कविता देवी ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह करीब 10:30 बजे पति ड्यूटी पर जा रहे थे। कॉलोनी के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी ने पहचान कराने के बाद लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं नवाबगंज थाना क्षेत्र के पचदेवरा गांव निवासी रामप्रसाद सरोज (55) पुत्र स्वर्गीय मुसई किसान थे। उनके दो बेटे और तीन बेटियां हैं। उनकी पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटे लालते सरोज ने बताया कि पिता प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक करने के लिए जाते थे। गुरुवार सुबह भी मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। दोपहर में 11: 30 बजे तक वापस नहीं लौटे तो उनकी खोजबीन शुरू हुई। तब पता चला कि घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई है। इसके बाद पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया। इंस्पेक्टर नवाबगंज अनूप सिंह ने बताया कि राम प्रसाद की हादसे में मौत हुई है। वह रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए हैं।

## देवरिया में हत्या के आरोप में दो गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के बनकटा क्षेत्र में पुलिस ने 22 जुलाई को हुयी युवक की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुये दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गुरूवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि बिहार के सीवान जिले के सूरज की 22 जुलाई को दिन में बनकटा क्षेत्र के अकटही बाजार के पास अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसकी बाइक को लूटकर फरार हो गये थे। पुलिस मृतक युवक की पत्नी रीमा देबी की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को एक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बनकटा क्षेत्र के सुन्दरपुर गाँव के पास से एक बाइक के साथ दो लोगों विद्यासागर यादव निवासी जिला सीवान(बिहार) और सत्येंद्र कुमार भाटपार रानी जिला देवरिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि 22 जुलाई को उन्होने युवक की मोटरसाइकिल लूटने का प्रयास किया था और विरोध जताने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी और उसकी मोटरसाइकिल लेकर भाग गये थे। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर लूटी गयी बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस घटना में दो और बदमाश शामिल हैं, जिनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## सोनभद्र में 45 लाख की अवैध शराब बरामद

**सोनभद्र ।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के हाथीनाला क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने एक ट्रक पर लदी 551 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर संयुक्त दल ने बीती रात एक संदिग्ध मिनी ट्रक को जांच के लिए रोका और उसमें लदी 551 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। इस बीच ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

# औरैया में प्रधान हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में ग्राम प्रधान की हत्या के मामले में एक स्थानीय पत्रकार समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और इनमे से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रो ने गुरुवार को बताया कि गांव शहबदिया में बुधवार की रात ग्राम प्रधान की धारदार हथियार से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मृतक के भाई ने गांव निवासी एक पत्रकार को मुख्य आरोपी बनाते हुए सात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है वहीं पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया



है जबकि अन्य पांच लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया है। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात है।

उन्होंने बताया कि मृतक प्रधान रमाकांत दोहरे उर्फ रिंकू के भाई संजय कुमार ने दर्ज कराई एफआईआर में कहा कि वह अनुसूचित जाति का है। बुधवार की शाम प्रधान भाई रमाकांत घर वापस आये थे। देर शाम करीब 8:15 बजे उसके भाई के फोन पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया जिसे भाई ने रिसीव किया और अपनी बाइक लेकर घर से निकल गये।

रमाकांत गांव से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर जैसे ही तालाब के ऊपर सड़क पर पहुंचे थे, तभी पहले से घात लगाये बैठे राहुल तिवारी उर्फ विनीत (पत्रकार) , पूर्व प्रधान नजुमुद्दीन , विमलेश , विकास व तार बाबू सभी निवासी शहबदिया एवं दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया और सिर में गोली मार कर हत्या कर दी।

# इनकम टैक्स कमिश्नर से 1 लाख की ठगी

## ठग ने इनकम टैक्स के चीफ कमिश्नर की व्हाट्सएप पर डीपी लगाकर मांगे रुपए

कानपुर। अगर आपके पास भी किसी नजदीकी का डीपी लगे वॉट्सऐप नंबर पर रुपए की डिमांड की जा रही तो सावधान हो जाइए। यह नंबर जरूरी नहीं कि आपके नजदीकी का ही हो। शातिर ठग ने इसी तरह चीफ इनकम टैक्स ऑफिस की डीपी लगाकर इनकम टैक्स कमिश्नर से 1 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगी की जानकारी होने पर उन्होंने कानपुर के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### प्रधान आयकर आयुक्त को ठगों ने बनाया निशाना

कानपुर में प्रीति जैन दास प्रधान आयकर आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। प्रीति के मुताबिक दो दिन पूर्व प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त शिशर




झा सर का डीपी लगे वॉट्सऐप पर मैसेज आया कि हैलो क्या हाल हैं ? प्रीति ने कहा कि सब ठीक है सर।

फिर पूछा कि ऑफिस में सब कैसा चल रहा है ? प्रीति ने जवाब दिया कि अच्छा है सर। इस दौरान उधर से मैसेज आया कि मैं ट्रैवेल में हूं। मेरा गूगल पे काम नहीं कर रहा है।

मेरे अकाउंट में एक लाख रुपए डाल दो। प्रती ने अफसर का मैसेज समझकर फौरन एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। लेकिन प्रीति ने इस संबंध में जब अपने अफसर शिशर झा से बात की तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि मैंने तो कोई रुपए नहीं मांगा। इसके बाद प्रति ने उनकी डीपी लगी वॉट्सऐप नंबर का चैट दिखाया तो उन्होंने बताया कि किसी ने तुम्हारे साथ फ्रॉड किया है। ठगी का पता चलने पर प्रीति ने कोतवाली थाने में ठग के खिलाफ मोबाइल नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई है।

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधान आयकर आयुक्त प्रीति जैन दास की तहरीर पर मोबाइल नंबर के आधार पर ठग के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल को जांच के लिए मामला ट्रांसफर कर दिया गया है। मामले का खुलासा करने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक का धरना प्रदर्शन

फतेहपुर। यूपी के फतेहपुर में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में मणिपुर राज्य में हिंसा के दौरान महिलाओं के साथ किये जा रहे दुर्व्यवहार के दोषियों को फांसी देने सहित 5 सूत्रीय मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन दिया। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर पहुची गुलाबी गैंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन दिया।ज्ञापन देने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि मणिपुर राज्य में दो माह से ज्यादा हिंसा हो रही है। वहां पर जिस तरह से महिलाओं को नग्न कर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है ऐसे कांड करने वाले दोषियों को फांसी की सजा दी जाए,महिलाओं व आम जनमानस के शिकायत पर थाना पुलिस के द्वारा सुनवाई नहीं किया जा रहा है।

# किसान पर टूटकर गिरा एलटी लाइन का तार, मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज के बढ़िया गांव में बृहस्पतिवार को सुबह 10: 30 बजे की दर्दनाक हादसा हो गया। घर से कुछ दूरी पर स्थित हैंडपंप पर नहाने गए व्यक्ति के ऊपर एलटी लाइन का तार टूट कर गिर पड़ा। हादसे में नहा रहे व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस व विद्युत विभाग को दी गई। कुछ देर बाद पुलिस तो पहुंच गई। लेकिन बिजली विभाग के एक भी कर्मचारी 3 घंटे तक मौके पर नहीं पहुंचे। जबकि इस दौरान टूट कर गिरे बिजली के तार में सप्लाई जारी थी। हादसे ग्रामीणों में आक्रोश है।

यमुनानगर के कौंधियारा थाना अंतर्गत जारी बढ़िया गांव निवासी धर्मराज बिंद खेती किसानी करते हैं, उनकी पत्नी किरण बिंद की तरफ से दी गई। तहरीर के मुताबिक बृहस्पतिवार को सुबह करीब 10: 30 बजे वह घर के सामने स्थित हैंडपंप पर नहाने गए थे। नहाते समय अचानक से उनको ऊपर हैंडपंप के ऊपर से गए एलटी लाइन का विद्युत तार टूट कर गिर गया। उस वक्त उस में विद्युत सप्लाई जारी थी। धर्मराज की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पता चलने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। पुलिस को खबर दी गई। बिजली विभाग के जेई व एसडीओ को तत्काल जानकारी दी गई। लेकिन कोई नहीं आया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को पुलिस ने समझा-बुझाकर शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा। मामले में किरण देवी की ओर से तहरीर दी गई है।

# सगे भाई-बहन की संदिग्ध मौत, चचेरे भाई की हालत गंभीर

**ललितपुर।** ललितपुर में गुरुवार की सुबह किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहे सगे भाई-बहन की संदिग्ध मौत हो गई, जबकि चचेरे भाई की हालत गंभीर है।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। वहीं जांच पड़ताल की जा रही है। परिजनों की मानें तो उनके बच्चे रात में दाल-चावल खाकर सोए थे।

इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। पूरा मामला थाना मड़ावरा का है। यहां जिला अस्पताल में सुबह-सवेरे तीन छात्रों को गंभीर हालत में लाया गया। चेकअप के बाद डॉक्टरों ने सगे भाई-बहन को मृत घोषित कर दिया।

वहीं चचेरे भाई की नाजुक हालत को देखते हुए उसे झांसी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, थाना मड़ावरा इलाके के गांव भौंटा निवासी राघवेंद्र सिंह का बड़ा बेटा रीतेश (18) और पूनम उर्फ मुन्नी कस्बा मड़ावरा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करते थे।

# सीएचसी बेवा में निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत गिरी

## 24 मजदूरों को आई चोट, 5 की हालत गंभीर, ठेकेदार पर मनमानी सामग्री लगवाने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बनने वाले ड्रग वेयर हाउस की छत बुधवार की देर रात ढ़लाई के वक्त गिर गई। इस दुर्घटना में लगभग 24 मजदूरों को चोट आई, जिसमें से पांच की स्थिति गंभीर है।

गुरुवार को सीएमओ डॉ. बीके अग्रवाल ने मौके का निरीक्षण कर मजदूरों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

22 अगस्त 2021 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने ड्रग वेयर हाउस का शिलान्यास किया था। उन्होंने कार्यदाई संस्था को हिदायत दी थी कि मानक अनुरूप कार्य कराएं। इसके बाद भी निर्माण में जमकर मनमानी की गई।

ढ़लाई के वक्त छत गिरने से रामप्रकाश (18) पुत्र मुन्नीलाल निवासी गुलरिया खेम बिहार, कृष्णा प्रसाद(38) पुत्र बाबूलाल निवासी सोनहा बस्ती, राज कुमार(35) पुत्र रामफेर निवासी बैदौला चौराहा बस्ती, खजांची प्रसाद(35) पुत्र श्री प्रसाद निवासी वेदनगर बिहार, अंबिका प्रसाद(23) पुत्र तोताराम निवासी वेद नगर बिहार गंभीर रूप से घायल हो गए।

### किसी भी अधिकारी को नहीं थी जिम्मेदारी

घायलों को उपचार के लिए बस्ती रेफर किया गया। अस्पताल परिसर में हो रहे निर्माण की देखरेख के लिए सीएचसी अधीक्षक तक को जिम्मेदार नहीं बनाया गया था। इस कारण ठीकेदार पर कोई अंकुश नहीं रहा। सीएमओ के निरीक्षण में मजदूरों ने बताया कि जेई आते नहीं थे इसलिए जो ठेकेदार कहते थे हम लोग उसी हिसाब से सामग्री प्रयोग करते थे। सीएमओ ने कहा कि वह रिपोर्ट डीएम को देकर जांच कराने की मांग करेंगे। अधीक्षक को जिम्मेदारी न देने की बात पर कहा कि चिकित्सक निर्माण संबंधी कोई जांच नहीं कर सकता इसलिए अधीक्षक को जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।

# मेडिकल कॉलेज में मरीज की मौत पर हंगामा

## नाराज परिजनों ने वार्डबॉय का सिर फोड़ा, लापरवाही से मौत होने का आरोप

झांसी। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक मरीज की गुरुवार को मौत होने पर आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने एक वार्डबॉय का सर फोड़ दिया।

जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वार्डबॉय को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस आरोपियों को पकड़ कर थाने ले गई, जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### 15 दिन से एडमिट था मरीज

कोतवाली के गुदरी निवासी रोहित सेन (37) किडनी रोग की वजह से पिछले 15 दिन से मेडिकल कॉलेज में भर्ती था। पत्नी का कहना है गुरुवार दोपहर



को उसे वार्ड 6 से डायलिसिस कराने के लिए लाया जा रहा था। आरोप है कि लापरवाही के कारण मरीज की जान चली गई।

रोहित की मौत से परिजन नाराज हो गए। वह वार्डबॉय को ढूंढते हुए पुरानी बिल्डिंग में पहुंच गए।

यहां से वार्ड बॉय मनोज वर्मा को घसीट कर नई बिल्डिंग में ले आए। यहां पांच युवकों ने मिलकर मनोज की बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी। हाथ में पहने कड़े से उसका सर फोड़ दिया। मनोज खून से लथपथ होकर गिर पड़ा।

### हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस

मरीज की मौत और वार्ड बॉय का सिर फूटने के बाद मेडिकल कॉलेज में हंगामा होने लगा। सूचना पर मेडिकल कॉलेज के गार्ड मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर में नवाबाद पुलिस भी आ गई।

पुलिस दो युवकों को पकड़ कर थाने ले गई। वहीं घायल मनोज वर्मा को इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया है। उधर, रोहित के परिजनों ने रोते बिलखते अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। महिलाओं का आरोप है डॉक्टरों की लापरवाही से रोहित की जान चली गई।

## पेड़ से लटकती मिली युवक की लाश

**गोरखपुर।** गोरखपुर में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। गुरुवार की सुबह उसकी बगीचे में पेड़ से लटकती हुई लाश मिली। उसकी पत्नी ने डेढ़ महीने पहले ही बेटी को जन्म दिया था। बच्ची के जन्म के बाद से ही पत्नी मायके में रह रही थी। रात में युवक मुहर्रम के जुलूस में गया था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा और फिर सुबह उसकी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने हत्या कर शव पेड़ से लटका दिए जाने की आशंका भी जताई है। घटना गुलरिहा इलाके के भभौर गांव की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई। इंस्पेक्टर गुलरिहा जय नारायण शुक्ला ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पेड़ से लटकते मिले किशोरी और युवक के शव

कानपुर देहात। कानपुर देहात में लापता किशोरी और एक युवक का शव मूसानगर के जंगल में एक ही पेड़ पर अलग अलग डाल पर लटकते मिले। बताया जाता है कि दोनों में अफेयर था। मामले की जांच के लिए एएसपी राजेश पांडे ने टीम गठित कर दी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात मूसानगर की है।

बताते चलें कि भोगनीपुर के गौर गांव निवासी काजू की बेटी रोली (14) बुधवार दोपहर में घर से अचानक लापता हो गई थी। बेटी के लापता होने की जानकारी होते ही पिता ने भोगनीपुर थाने में देर रात लछियामऊ कंचौसी दिबियापुर, औरैया निवासी छोटू के खिलाफ बेटी को बहलाकर ले जाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद से पुलिस दोनों की तलाश कर रही थी।

इस दौरान सर्विलांस से दोनों की लोकेशन पुलिस को मूसानगर क्षेत्र के सरांय के पास जंगल में मिलने पर भोगनीपुर कोतवाल प्रमोद शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो दोनों के शव नीम के पेड़ में फांसी पर लटके मिले। इसके बाद पुलिस ने तत्काल घटना की जानकारी फोरेंसिक टीम के साथ साथ किशोरी के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम के साक्ष्य संकलन के बाद दोनों शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि लापता किशोरी व युवक का शव फांसी पर लटके मिले हैं।

# शार्ट न्यूज

## आईआरएफसी और राइट्स ने रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए




**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत अनुसूची ए मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम, भारतीय रेलवे वित्त निगम लिमिटेड (आईआरएफसी) ने राइट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू का उद्देश्य उन परियोजनाओं/संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने में आईआरएफसी की भूमिका का विस्तार करने के लिए सहयोग के पारस्परिक क्षेत्रों की पहचान करना है, जिन्हें रेलवे के साथ पिछड़ा या आगे का लिंकेज मिला है और राइट्स द्वारा परियोजनाओं की वित्तीय और तकनीकी व्यवहार्यता का पता लगाने, सलाह प्रदान करने में आईआरएफसी को सहायता प्रदान करना है। परामर्शदात्री सेवाएं। श्रीमती शेली वर्मा, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) और निदेशक (वित्त) आईआरएफसी ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, आईआरएफसी, राइट्स के साथ, न केवल रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि समग्र विकास में भी योगदान देगा। और भारतीय रेलवे का आधुनिकीकरण। राइट्स जैसे प्रीमियम और स्थापित परामर्श संस्थान के साथ साझेदारी से रेलवे बुनियादी ढांचे का समर्थन करने वाले विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण के अवसरों की खोज में आईआरएफसी की मूल्यांकन और विपणन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

## एनएचपीसी से हिमाचल प्रदेश को परियोजना क्षेत्र में विकास के लिए 15 करोड़ रुपये



**नयी दिल्ली।** एनएचपीसी की 500 मेगावाट डुगर जलविद्युत परियोजना ने स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (एलएडीएफ) की पहली किस्त 14.95 करोड़ रुपये हिमाचल प्रदेश सरकार को जारी की है। कंपनी की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह राशि हिमाचल प्रदेश के दूरस्थ स्थित पांगी तहसील में विकास गतिविधियों की एक नई शुरुआत करने में मदद करेगा। राज्य सरकार और एनएचपीसी के बीच डुगर जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए समझौते पर 26 अगस्त 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे। यह परियोजना पांगी घाटी में चिनाब नदी के किनारे एक नदी परियोजना है। यह परियोजना हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के किलाड़ शहर के लूज गांव में स्थित है। परियोजना को 90 प्रतिशत अनुकूल परिस्थिति में वर्ष में 176 करोड यूनिट बिजली उत्पन्न करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## अमेरिका में ब्याज दरें 22 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बढ़ती महंगाई के बावजूद ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की बढोतरी कर 5.52 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दी है। फेडरल रिजर्व ने कल देर राज यह घोषणा की। लगातार 10 बार ब्याज दरों में बढोतरी के बाद जून में दरों को यथावत रखा गया था। अब फिर से ब्याज दरों में एक चौथाई फीसदी की बढोतरी कर दी गयी है जिससे पूरी दुनिया में फिर से केन्द्रीय बैंकों के ब्याज दरों में बढोतरी करने की संभावना बन गयी है। दो दिन चली बैठक के बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। फेडरल रिजर्व ने आगे भी दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं लेकिन कहा है कि हालात को देखते हुए फैसला लिया जाएगा। जून में उसने अपनी बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया था, लेकिन संकेत दिए थे कि आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। फेडरल रिजर्व का कहना है कि भविष्य में रेट में बढ़ोतरी डेटा आधारित होगी। फेडरल रिजर्व के सदस्यों ने ब्याज दरें बढ़ाने के फैसले पर एकमत से अपनी मंजूरी दी है।

## इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर शुरू

नयी दिल्ली। फुटवियर उद्योग को गति देने के उद्देश्य से फुटवियर के विनिर्माण के लिए उपकरण एवं कच्चे माल पर आधारित तीन दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल फुटवियर फेयर का सातवां संस्करण आज यहां प्रगति मैदान में शुरू हुआ। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन फुटवियर इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित इस फेयर का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रम मंत्री नारायण राणे ने यहां उद्घाटन किया। फुटवियर मेले में तीन दिनों के दौरान अलग-अलग कंपनी के प्रॉडक्ट का प्रदर्शन किया जाएगा, इसमें विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए ज्ञानवर्धक सत्र होंगे, इंडस्ट्री के लिए सेमिनार होंगे और विशेष रुप से तैयार फैशन शो भी आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत के फुटवियर की समृद्ध विरासत को सामने लाना है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर इसकी मौजूदगी को बढ़ाना है। इस मेले में अपने प्रॉडक्ट का प्रदर्शन करने वाली विभिन्न कंपनियां हिस्सा ले रही है। इस मेले में विशिष्ट वक्ताओं के साथ नए फैशन के प्रति खासा जुनून रखने वाले लोग शामिल होंगे। यह मेला फुटवियर सेक्टर में नए बिजनेस बनाने और नए-नए ट्रेंड्स की खोज करने वाला प्लेटफॉर्म है। इसमें एक्शन फुटवियर, रिलैक्सो फुटवियर, वाकारू इंटरनेशनल, वेलकम फुटवियर, वीकेसी फुटवियर, एशियन फुटवियर, रिलायंस फुटवियर, पैरागॉन और दूसरे ब्रैंड शामिल हैं।

## भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है

नई दिल्ली। एसबीआई रिसर्च ने अपनी इकोरैप रिपोर्ट में कहा है कि यदि भारत अपनी वृद्धि की मौजूदा दर को बरकरार रखता है तो यह जापान और जर्मनी जैसे देशों को पीछे छोड़कर 2027 (2027-2028) में दुनिया तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। इससे पहले एसबीआई रिसर्च ने उम्मीद जताई थी कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2029 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। रिपोर्ट के अनुसार दिलचस्प बात यह है कि 2022-2027 के बीच भारत की वृद्धि ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्था के वर्तमान आकार 1.8 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, %इस दर से भारत हर दो साल में अपनी इकोनॉमी में 0.75 अरब डॉलर जोड़ सकता है, जिसका मतलब है कि भारत 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। 2027 तक वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान चार प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद में भारत की जीडीपी का हिस्सा फिलहाल 3.5 प्रतिशत है, जो 2014 में 2.6 प्रतिशत था और इसके 2027 में चार प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अनुमानों से संकेत मिलता है कि जब भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में तीसरा स्थान हासिल करेगा उस समय तक कम से कम दो भारतीय राज्य महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के मामले में 500 बिलियन अमरीकी डालर के निशान को पार कर जाएंगे। इकोरैप रिपोर्ट के अनुसार, 2027 में प्रमुख भारतीय राज्यों का जीडीपी आकार वियतनाम, नॉर्वे जैसे कुछ एशियाई और यूरोपीय देशों के आकार से अधिक होगा।

# नेस्ले इंडिया की जून तिमाही की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। डेयरी, तैयार खाद्य तथा कन्फेक्शनरी उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी नेस्ले इंडिया ने वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ कुल 4619.5 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की। घरेलू बाजार में कपंनी की वृद्धि 14.6 प्रतिशत रही।

कंपनी के निदेशकमंडल की मंजूरी के बाद गुरुवार को जारी उसकी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार नेस्ले इंडिया ने अप्रैल-जून, 2023 की तिमाही में 698 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है। कंपनी का प्रति शेयर शुद्ध लाभ 72.43 रुपये रहा।

नेस्ले ने कहा है कि वह भारत में अपना दसवां कारखाना ओडिश में लगा रही है और सरकार के मेक-इन-इंडिया अभियान के प्रति पूरी प्रतिबद्ध है।




नेस्ले इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, सुरेश नारायणन ने तीसरी तिमाही के परिणामों पर कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन किया है, सभी उत्पाद समूहों ने दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है।

कंपनी ने कहा है कि मैगी नूडल्स तथा व्यंजन पकाने में काम आने वाली चीजों के उसके कारोबार में भी वृद्धि दस प्रतिशत से ऊपर रही।

मुद्रास्फीति के दबाव के बावजूद दुग्ध उत्पाद और पोषण उत्पादों के कारोबार में भी दोहरे अंक की दर से वृद्धि हुई। इसमें मिल्कमेड और पेप्टामेन के कारोबार की भूमिका अग्रणी रही । कंपनी का कहना है कि रिसोर्स फ़ाइबर चॉइस और एवरीडे ज़ीरो एडेड शुगर के लॉन्च से विकास को और मदद मिली है।

दूसरी तिमाही में नेस्ले के किटकैट और मंच आदि कन्फेक्शनरी उत्पादों तथा नेस्कैफ़े आदि पेय पदार्थों की बिक्री में भी मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गयी।

कंपनी ने कहा है कि बिल्ली और कुत्तों के लिए संपूर्ण पोषण वाले उत्पादों का उसका कारोबार भी सकारात्मक रहा। अपने कारोबार से जुड़े कच्चे माल आदि की कीमतों के रुझानों के बारे में कंपनी ने कहा कि खाद्य तेल, गेहूं और पैकेजिंग सामग्री जैसी वस्तुओं की कीमतें नीचे बनी रहीं हैं।

ईंधन में मूल्य प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है और पहली तिमाही के अंत में उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद दूसरी तिमाही में कीमतों में नरमी देखी गई है। ताजे दूध में कीमत में स्थिरता रही है। रोबस्टा की कीमतें ऊंची हैं और इनके अस्थिर बने रहने की उम्मीद है।

# राजधानी में इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो शुरू

नयी दिल्ली। भारत की आतंरिक सुरक्षा एवं पुलिस संरचना को आधुनिक तकनीकों एवं इनोवेशन्स के साथ सक्षम बनाने के प्रयास में एशिया के सबसे बड़े आंतरिक सुरक्षा एवं पोलिसिंग प्लेटफॉर्म इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो आज से राजधानी के प्रगति मैदान में शुरू हो गया। इस दो दिवसीय एक्सपो में ब्रिटेन, अमेरिका, इज़रायल, पौलेण्ड, जर्मनी, स्लोवाकिया, एस्टोनिया, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात(यूएई), रूस, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, इटली, दक्षिण कोरिया और स्वीडन सहित 25 देशों से हथियारों, गोला-बारूदों एवं सुरक्षा तकनीकों के इनोवेटर इस प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे हैं।

नेक्सजेन एक्ज़हीबिशन्स के निदेशक आधार बंसल ने इसके शुभारंभ के अवसर पर कहा कि इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो 2023 के दौरान आग्नेयास्त्रों, ड्रोन, साइबर सुरक्षा, डेटा चोरी, मोबाइल फोरेन्सिक एवं अन्य भावी तकनीकों में नेक्स्ट-जेन इनोवेशन्स का प्रदर्शन करने वाले 300 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निर्माता, निर्यातक, एवं ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इन तकनीकों को 7000 से अधिक पुलिस एवं रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। आंतिरक सुरक्षा को सशक्त बनाने तथा विभिन्न सेक्टरों में ड्रोन एवं मानवरहित प्रणालियों की क्षमता का लाभ उठाने के उद्देश्य से नेक्सजैन एक्ज़हीबिशन्स आठवें इंटरनेशनल पुलिस एक्सपो के साथ ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2023 और

सातवें इंडियन होमलैण्ड सिक्योरिटी एक्सपो का भी आयेजन किया गया है। प्रदर्शनी में शामिल होने वाली कंपनियों में एमएच सर्विसेज़ यूएई, ईसीआईएल, ग्राण्ड पावर, एस.आर.ओ. स्लोवाकिया, अडवान्स्ड वेपन्स एण्ड इक्विपमेन्ट इंडिया लिमिटेड (डीफेन्स पीएसयू), ट्रूप कम्फर्ट लिमिटेड (डीफेन्स पीएसयू), फॉर्च्यूना- रूस, एओलस एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड तथा कई अन्य विश्वस्तरीय कंपनियां शामिल हैं।

# अपतटीय क्षेत्र खनिज कानून में संशोधन विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** मणिपुर मुद्दे पर विपक्ष के विरोध के बीच अपतटीय क्षेत्र खनिज कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक गुरुवार को लोकसभा में पेश किया गया। मणिपुर की स्थिति पर स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधेयक पेश किया।

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी से जब सभापति ने विधेयक पेश किए जाने के बारे में बोलने को कहा तो उन्होंने अपनी पार्टी के सदस्य गौरव गोगोई की ओर से पेश विपक्ष समर्थित अविश्वास प्रस्ताव का मुद्दा उठाया।

कार्यवाही की अध्यक्षता कर रहे किरीट सोलंकी ने उनसे अपने भाषण को विधेयक तक सीमित रखने को कहा। तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने भी कहा कि विधेयक पर बोलने की बारी आने पर मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। इस दौरान प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार के पास कानून में संशोधन करने की विधायी क्षमता है और उन्हें यह विधेयक पेश करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसके बाद अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023 को ध्वनिमत से पेश किया गया।

लोकसभा ने गुरुवार को जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2023 पारित कर दिया जिसमें 183 अधिनियमों के 42 प्रावधानों में संशोधन कर मामूली अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने का प्रावधान है।

लोकसभा में इस विधेयक पर चर्चा हुई और ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया गया क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मुद्दे पर विरोध और नारेबाजी की। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा पर संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं।

विधेयक को पारित कराने के लिए पेश करते हुए वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर कारोबार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

# गेहूं उत्पाद संवर्धन सोसायटी द्वारा नवीन अनुशंसाओं का अनावरण किया गया

नई दिल्ली। व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस), एक अग्रणी 33-वर्षीय गैर-लाभकारी संगठन, ने भारत के गेहूं-आधारित उद्योगों को बदलने और उनके सतत विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिफारिशों के एक दूरदर्शी सेट का अनावरण किया है।. एक अभूतपूर्व सम्मेलन में प्रस्तुत किए गए व्यापक प्रस्ताव, देश में गेहूं उत्पादन, प्रसंस्करण और उपयोग के परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

### भारत में गेहूं आधारित उद्योगों की सतत वृद्धि और विकास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशों की एक श्रृंखला प्रस्तावित की




1. एकीकृत बहु-क्षेत्रीय फोकस: गेहूं की आवश्यकताओं में भारी वृद्धि को देखते हुए, केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर शुरू से अंत तक अनुपालन को संबोधित करने के लिए एक एकीकृत बहु-विषयक संगठन बनाया जाना चाहिए। यह संगठन बढ़ती आबादी के लिए गेहूं के माध्यम से पर्याप्त भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

2. भारतीय गेहूं बोर्ड की स्थापना: आपूर्ति श्रृंखला के सभी स्तरों के प्रतिनिधियों के साथ एक समर्पित कमोडिटी निकाय, भारतीय गेहूं बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। यह निकाय एक थिंक टैंक और नीति सलाहकार इकाई के रूप में काम करेगा, जो भारत में गेहूं के उत्पादन, भंडारण, प्रसंस्करण और उपयोग में स्वस्थ वृद्धि सुनिश्चित करेगा।

3. जलवायु-लचीली किस्में और मिलिंग तकनीक: कृषि और खाद्य अनुसंधान संगठनों को उच्च उत्पादकता गुणों वाली जलवायु-लचीला गेहूं किस्मों के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके साथ ही, खाद्य अनुसंधान संस्थानों को मानव उपयोग के लिए विभिन्न मिलिंग धाराओं की उच्च पुनर्प्राप्ति प्राप्त करने के लिए मिलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

4. बायोफोर्टिफाइड गेहूं की किस्में: आबादी की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए बायोफोर्टिफाइड गेहूं की किस्मों के विकास और प्रचार पर जोर दिया जाना चाहिए।


5. भंडारण और रख-रखाव का आधुनिकीकरण: गेहूं के भंडारण और रख-रखाव को आधुनिक बनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू करने से कटाई के बाद और भंडारण के नुकसान में काफी कमी आएगी।

6. सतत प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करना : भारत सरकार को गेहूं प्रसंस्करण उद्योग को प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर पारंपरिक से अधिक टिकाऊ प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों में संक्रमण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

7. खाद्य नीति संगठनों में प्रतिनिधित्व : भारत सरकार और राज्य सरकारों को डब्ल्यूपीपीएस और गेहूं प्रसंस्करण उद्योगों के प्रतिनिधियों को नीति आयोग, एफएसएसएआई आदि जैसे विभिन्न खाद्य नीति-निर्माता संगठनों में आमंत्रित करना चाहिए। जिसका प्रभाव गेहूं आधारित उद्योगों पर पड़ता है।

# मासिक वायदा सौदा निपटान में शेयर बाजार में कोहराम

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में उम्मीद के अनुरूप चौथाई प्रतिशत की बढ़ोतरी करने से वैश्विक बाजार में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर आज जुलाई के मासिक वायदा सौदा निपटान के दिन ऑटो, तेल एवं गैस और ऊर्जा समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम मच गया।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 440.38 अंक लुढ़ककर 66,266.82 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 118.40 अंक का होता लगाकर 19,659.90 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.48 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,995.94 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 34,379.25 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3703 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1799 में गिरावट जबकि 1765 में तेजी रही वहीं 139 में कोई बदलाव हुआ। इसी तरह निफ्टी की 29 कंपनियों में बिकवाली जबकि 21 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 13 समूहों के प्रति निवेश धरना कमजोर रही। इससे ऑटो 1.28, तेल एवं गैस 1.09, कमोडिटीज 0.41, सीडी 0.43, ऊर्जा 0.85, एफएमसीजी 0.74, वित्तीय सेवाएं 0.67, आईटी 0.09, यूटिलिटीज 0.28, बैंकिंग 0.77, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.34, धातु 0.25 और पावर समूह के शेयर 0.32 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30, जर्मनी का डैक्स 0.90, जापान का निक्केई 0.68 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.41 प्रतिशत चढ़ गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.20 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 127 अंक की तेजी लेकर 66,834.12 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 66,984.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,060.74 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया और तमाम कोशिशों के बावजूद संभल नहीं पाया। अंत में पिछले दिवस के 66,707.20 अंक के मुकाबले 0.66 प्रतिशत का होता लगाकर 66,266.82 अंक पर आ गया। निफ्टी भी 73 अंक चढ़कर 19,850.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,867.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,603.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,778.30 अंक की तुलना में 0.60 अंक लुढ़ककर 19,659.90 अंक पर आ गया। इस दौरान ऑटोमोबाइल क्षेत्र की प्रमुख कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा सेंसेक्स की गिरावट पर रहने वाली प्रमुख कंपनियों में टेक महिंद्रा 3.82, नेस्ले इंडिया 2.08, बजाज फाइनेंस 1.98, एक्सिस बैंक 1.75, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस 0.90, विप्रो 0.63, आईसीआईसीआई बैंक 0.60, टाटा स्टील 0.13 और मारुति 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.10, टाटा मोटर्स 0.83, भारती एयरटेल 0.69, एलटी 0.62, इंफोसिस 0.30, टीसीएस 0.27, एसबीआई 0.24, एचसीएल टेक 0.23 और एनटीपीसी ने 0.20 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया ने बनाये 25 लाख वाहन




चेन्नई। फ्रांस की वाहन निर्माता कंपनी रेनॉ और जापान की वाहन निर्माता कंपनी निसान के संयुक्त उपक्रम रेनॉ निसान ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड ने चेन्नई स्थित अपने अत्याधुनिक मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट में 13 वर्षों में 25 लाख वाहनों का निर्माण पूर्ण करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि पिछले 13 वर्षों में इस संयुक्त प्लांट ने मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, हर साल औसतन 1.93 लाख (192,000) रेनॉ एवं निसान कारों का निर्माण किया, यानि हर तीन मिनट में औसतन एक कार का निर्माण किया गया। इस प्लांट में परिचालन शुरू होने के बाद से, कुल-मिलाकर, रेनॉ और निसान के 20 मॉडलों का निर्माण किया गया है। चेन्नई के ओरंगदम में 600 एकड़ में फैले प्लांट ने न केवल भारतीय बाज़ार के लिए कारों का विनिर्माण किया है, बल्कि चेन्नई को ऑटोमोटिव निर्यात के लिए एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

रेनॉ निसान ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड ने चेन्नई के कामराजार पोर्ट लिमिटेड (पूर्व नाम एन्नोर पोर्ट लिमिटेड) से 108 से ज्यादा देशों को 11.5 लाख से अधिक कारों का निर्यात किया है, जिनमें मध्य पूर्व के देशों, यूरोप, लैटिन अमेरिका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण-पूर्व एशिया, सार्क देशों और उप-सहारा अफ्रीका शामिल हैं।

# बीडीके वॉल्व्स, गुरुकृपा ग्रुप ने किया थाइस प्रेसिज़न स्टील का अधिग्रहण

अहमदाबाद। बीडीके वॉल्व्स और गुरुकृपा समूह ने कोल्ड रोल्ड स्टील स्ट्रिप थाइस प्रेसिज़न स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करने और नियंत्रक सौ प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की घोषणा की है। माहलर एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्जेन रिजपकेमा की ओर से गुरुवार को जारी बयान में कहा है ,वैश्विक बाजार के लिए फ्लो कंट्रोल सॉल्यूशन प्रदान करने वाले औद्योगिक वॉल्व विनिर्माता अग्रणी कंपनी बीडीके वॉल्व्स और पश्चिमी भारत की प्रमुख रियल्टी डेवलपर गुरुकृपा द्वारा थाइस प्रेसिज़न स्टील के अधिग्रहण से इसका स्वामित्व फिर से भारतीय परिवार के पास आ गया है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि नए मालिक, कंपनी के आगे के विकास में उल्लेखनीय योगदान करेंगे। पहले जर्मनी की थाइस जीएमबीएच जिसका स्वामित्व माहलर एशिया के पास था जिसने 2008 में टाटा स्टील से इसका अधिग्रहण कर लिया था। थाइस प्रेसिज़न, हाई/मीडियम कार्बन स्टील की स्पेशलिटी कोल्ड रोल्ड स्टील स्ट्रिप्स विनिर्माता प्रमुख कंपनी है। थाइस प्रेसिज़न, विभिन्न बाजार खंड, जैसे वाहन, कपड़ा (टेक्सटाइल) मशीनरी, सामान्य इंजीनियरिंग आदि की ज़रूरतों को पूरा करती है।

# रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई पर सरकार करेगी विचार

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि सरकार देश को रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादो के विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र के लिए भी उत्पादकता लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना पर विचार कर सकती है।



सीतारमण ने यहां उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित भारत को वैश्विक रसायन एवं पेट्रो रसायन विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र बनाने पर आधारित तीसरे सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि कठोर प्रदूषण नियंत्रण कानून एवं बढ़ते श्रम लागत के मद्देजनर रसायन उद्योग घरेलू स्तर पर बड़ा बाजार होने के बावजूद अपने उत्पादों और उत्पादन क्षमताओं में विविधता लाने की कोशिश कर रहा है जिससे भारत वैकल्पिक विनिर्माण केन्द्र बनकर रहे सके। उन्होंने कहा कि देश के बड़े घरेलू बाजार के बावजूद उन्होंने कहा कि निर्यात की अपार क्षमता है लेकिन रसायन एवं पेट्रो रसायन उत्पादों के आयात में बढोतरी हो रही है। सरकार भारत को विनिर्माण का प्रमुख वैश्विक केन्द्र बनाने की पक्षधर है और इसके मद्देनजर रसायन एवं पेट्रो रसायन क्षेत्र के लिए भी पीएलआई स्कमी पर विचार किया जायेगा। सीतारमण ने कहा कि इस उद्योग को टिकाऊ उत्पाद, कार्बन उत्सर्जन, आम प्रदूषण और भूमिगत जल प्रदूषण आदि को ध्यान में रखते हुये विनिर्माण क्षकता का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2047 में एनर्जी इंडिपेंडेंट और वर्श 2070 में नेट जीरो देश बनने का लक्ष्य रखा है और उद्योग को भी इसी को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि हरित विकास पर सरकार ध्यान केन्द्रित कर रही है। कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके मद्देनजर प्रत्येक क्षेत्र में इसमें हिस्सेदारी करनी चाहिए। ऊर्जा दक्षमता और नवीनीकरणीय ऊर्जा के भारत के वायदे भी बहुत महत्वपूर्ण है। उद्योग को भारत के नेट जीरो के लक्ष्य को ध्यान में रखना चाहिए। हाइड्रोजन मिशन में भी तेजी आ रही है और उद्योग को भी इस पर ध्यान देना चाहिए। सरकार ने देश में उर्त्सजन को कम करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 19744 करोड़ रुपये के प्रोत्याहन की योजना को मंजूरी दी है।

सीतारमण ने चुनौतियों का उल्लेख करते हुये कहा कि टिकाद्य, रिसाइकिलिंग या चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्किलिंग और टेक्नॉलाजी अपनाने पर उद्योग को ध्यान देना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### चतुष्कोणीय के लिये पुरुष जूनियर टीम घोषित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 18 से 22 अगस्त तक जर्मनी के डसेलडोर्फ में होने वाले चतुष्कोणीय टूर्नामेंट के लिये 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा गुरुवार को की। भारत टूर्नामेंट में इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ खेलेगा। यह टूर्नामेंट पांच दिसंबर से 16 दिसंबर के बीच मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 के लिये टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई प्रतिभावान फॉरवर्ड उत्तम सिंह करेंगे, जबकि बॉबी सिंह धामी भारत के उप-कप्तान होंगे। गोलकीपिंग विभाग मोहित एच एस और रणविजय सिंह यादव की विश्वसनीय जोड़ी को सौंपा जाएगा, जबकि जर्मनी जाने वाले डिफेंडरों में शारदा नंद तिवारी, रोहित, अमनदीप लाकड़ा, अमीर अली, वारिबम नीरज कुमार सिंह और योगेंबर रावत का नाम शामिल होगा। मिडफील्ड में पूवन्ना सीबी, विष्णुकांत सिंह, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, चेतन शर्मा और अमित कुमार यादव जैसे गतिशील खिलाड़ी मौजूद होंगे। फॉरवर्ड विभाग की जिम्मेदारी अरिजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, उत्तम सिंह और सुदीप चिरमाको जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के पास है।

### नाइजीरिया ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया

ब्रिसबेन। नाइजीरिया ने सनकोर्प स्टेडियम में मौजूद हज़ारों ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों के सामने गुरुवार को फीफा महिला विश्व कप 2023 में मेज़बान ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर सनसनी मचा दी। इस रोमांचकारी ग्रुप-बी मैच में एमिली वैन एगमंड (45+1वां मिनट) और अलाना केनेडी (90+10वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के गोल किये, जबकि उचेना कानू (45+5वां मिनट), ओसिनाची ओहाले (65वां मिनट) और असिसत ओसहोआला (72वां मिनट) ने एक-एक गोल दागकर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई। विश्व रैंकिंग में 40वे नंबर की टीम नाइजीरिया ने अपने पहले मुकाबले में विश्व नंबर सात कनाडा को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। विश्व नंबर 10 ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध भी नाइजीरियाई महिलाओं ने मज़बूत शुरुआत की और मेज़बान टीम को खाता खोलने के लिये संघर्ष करना पड़ा। एमिली ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई, हालांकि उचेना ने कुछ मिनटों में ही नाइजीरिया का खाता खोलकर स्कोर बराबर कर दिया। दूसरे हाफ में गेंद भले ही ऑस्ट्रेलिया के पास अधिक रही, लेकिन नाइजीरिया ने 65वें मिनट में ओसिनाची के गोल के दम पर बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीदों को करारा झटका तब लगा जब असिसत ने 72वें मिनट में नाइजीरिया का तीसरा गोल जमा दिया।

### पाकिस्तान ने श्रीलंका को पारी से हराया

कोलंबो। अब्दुल्लाह शफीक (201) के दोहरे शतक और नोमान अली (70/7) की तिलस्मी गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को पारी और 222 रन से हराकर दो मैचों की शृंखला 2-0 से जीत ली। श्रीलंका को पहली पारी में 166 रन पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 576/5 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर 410 रन की विशाल बढ़त बनायी। नोमान की अबूझ स्पिन के आगे श्रीलंकाई टीम चौथे दिन दूसरी पारी में 188 रन पर ऑलआउट हो गयी। एंजलो मैथ्यूज़ 127 गेंद पर सात चौकों और दो छक्कों की सहायता से 63 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिल सका। पाकिस्तान ने दिन की शुरुआत में मोहम्मद रिज़वान (50 नाबाद) का अर्द्धशतक पूरा होते ही पारी घोषित कर दी। श्रीलंका के सलामी बल्लेबाजों ने 69 रन की साझेदारी कर दिन की अच्छी शुरुआत की, लेकिन जल्द ही नोमान अली ने मेज़बान टीम को अपनी फिरकी में फंसा लिया। सलामी बल्लेबाज निशान मदूशंका (33) और डिमुथ करुणारत्ने (41) के विकेट गिरने के बाद अनुभवी बल्लेबाज एंजलो मैथ्यूज़ ने विकेट पर पांव जमा लिये, हालांकि नोमान ने दूसरे छोर से विकेट चटकाना जारी रखा। श्रीलंका के शुरुआती सातों विकेट 177 रन पर झटकने के बाद नोमान के पास एक पारी में रिकॉर्ड 10 विकेट चटकाने का मौका था, हालांकि नसीम शाह ने ऐसा नहीं होने दिया।

### एशियाई खेल : भारतीय फुटबॉल टीम ग्रुप-ए में

हांग्झोउ। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये अपेक्षाकृत आसान ग्रुप-ए में चीन, बंगलादेश और म्यांमार के साथ रखा गया है, जबकि महिलाएं ग्रुप-बी में थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ हैं। एशियाई खेलों के लिये ड्रॉ का आयोजन यहां गुरुवार को किया गया। खेल मंत्रालय द्वारा मौजूदा चयन मानदंडों में बुधवार को ढील देने के फैसले के बाद एशियाड में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की भागीदारी की पुष्टि की गयी। एशियाई खेलों की पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में छह समूह हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें शीर्ष-16 चरण में पहुंचेंगी। महिलाओं की प्रतियोगिता में प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष टीम और दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों को एशियाई खेलों में हिस्सा लेने की अनुमति इस आधार पर नहीं दी थी कि वे एशियाई रैंकिंग के शीर्ष-आठ में नहीं हैं।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम बनाम नीदरलैंड का मुक़ाबला बराबर रहा

बार्सिलोना। भारत सहित चार देशों के टोरनेओ डेल सेंटेनारियो 2023 टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम बनाम नीदरलैंड का मुक़ाबला बुधवार रात को 1-1 से ड्रॉ रहा। यह मैच स्पेन के टेरासा में खेला गया। भारतीय हॉकी टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 का खिताब जीतने वाले नीदरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां चल रहे 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी फेडरेशन - अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में एक कड़े मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ। भारतीय टीम अपने शुरुआती मैच में मेजबान स्पेन से हार गयी था, लेकिन कल रात टीम ने शानदार वापसी करते हुए अपना दमदार प्रदर्शन किया। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने कहा कि हॉकी वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज़ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में बढ़त हासिल की, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक पेनल्टी कॉर्नर को 12वें मिनट में गोल में तब्दील कर टीम का खाता खोला। नीदरलैंड के ब्रिंकमैन जैस्पर ने 40वें मिनट में गोल कर हिसाब बराबर कर दिया। स्पेन के ख़िलाफ़ मिली हार के बाद भारतीय टीम ने नीदरलैंड के ख़िलाफ़ दबदबा बनाए रखा और रक्षा पंक्ति पर ख़ास ध्यान दिया।

### यमन में हाउती विद्रोहियों के ड्रोन हमले में एक बच्चे की मौत

सना। यमन के पश्चिमी प्रांत होदेइदाह के एक गांव में हाउती विद्रोहियों के ड्रोन हमले में एक 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सबा न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में बताया गया कि हेज़ जिले के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में डोबास गांव में एक घर पर बुधवार को ड्रोन हमला उस वक्त किया गया, जब बच्चे पिछवाड़े में खेल रहे थे। इस हमले में एक बच्चे की मौत हो गयी। उसी क्षेत्र में हाउती हमलावर ने एक अन्य युवक को भी गोली मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर 2018 में स्टॉकहोम में संयुक्त राष्ट्र प्रायोजित संघर्ष विराम पर पहुंचने के बाद से, होदेइदाह में सरकारी बलों और हाउती मिलिशिया के बीच संघर्ष जारी है। उल्लेखनीय है कि बंदरगाह शहर पर हाउती विद्रोहियों का कब्जा है जबकि सरकारी बल दक्षिणी जिलों की ओर बढ़ गए हैं। यमन 2014 से गृहयुद्ध में फंस गया है, जब ईरान समर्थित हाउती मिलिशिया ने कई उत्तरी शहरों पर हमला किया और सऊदी समर्थित यमन सरकार को राजधानी सना से बाहर निकाल दिया।

# भारत ने स्पेन से खेला रोमांचक ड्रॉ




बार्सिलोना। भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पैनिश हॉकी फेडरेशन 100वीं वर्षगांठ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गुरुवार को पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन को 2-2 के ड्रॉ पर रोक लिया।

स्पेन ने ज़ेन्टल गाइन (13वां मिनट) और लाइया विदोसा (26वां मिनट) के गोलों से आगे निकलने की कोशिश की, लेकिन नवनीत कौर (14वां, 29वां मिनट) ने दो गोल जमाकर भारत की हार को टाल दिया।

पिछले मैच में इंग्लैंड से ड्रॉ खेलने के बाद भारतीय टीम के सामने मेज़बान टीम की चुनौती थी। स्पेन ने पहले क्वार्टर में घरेलू परिस्थितियों का इस्तेमाल मुकाबले पर अपनी पकड़ मज़बूत करने के लिये किया, हालांकि उसे नवनीत की अगुवाई में भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति के हमलों से भी चौकन्ना रहना पड़ा।

भारत की कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने शुरुआती मिनटों में मार्ता सेगु के गोल के प्रयास को सफलतापूर्वक रोका, हालांकि कुछ देर बाद गाइन स्पेन को बढ़त दिलाने में सफल रहीं। यह बढ़त हालांकि ज़्यादा देर नहीं टिकी क्योंकि नवनीत ने अगले ही मिनट में गोल जमाकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने जल्द से जल्द बढ़त बनाने की कोशिश की। दीपिका स्पेन के डिफेंस को भेदने में कामयाब रहीं लेकिन उनका शॉट नेट के ऊपर से निकल गया। क्वार्टर के अंतिम मिनटों में विदोसा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और स्पेन बढ़त बनाने में कामयाब रहा। भारत हाफ टाइम तक पिछड़ा रह सकता था लेकिन नवनीत ने एक बार फिर मेहमान टीम के लिये राहत बनकर आयीं। वह स्पेन के डिफेंस में ड्रिब्लिंग करते हुए गोल तक पहुंचीं और गेंद को नेट में डालकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

नवनीत के गोल के दम पर भारतीय टीम दूसरे हाफ की शुरुआत में अधिक आत्मविश्वास के साथ पिच पर उतरी। वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने स्पेन की रक्षापंक्ति को छकाकर भारत को एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर दिलाया। स्पेन की गोलकीपर क्लारा पेरेज़ ने खतरे को टाल दिया और स्कोर बराबर रहा। इसके अलावा नेहा गोयल भी मिडफ़ील्ड पर हावी रहीं जिससे भारत ने मुकाबले पर अपनी पकड़ मज़बूत रखी। पेरेज़ ने कई मौकों पर गोल रोककर मेज़बान टीम को पिछड़ने से बचाया।

भारतीय टीम ने आखिरी क्वार्टर में गोल के लिये तत्परता दिखानी शुरू कर दी। संगीता कुमारी को गोल करने के लिए सर्कल के अंदर एक सनसनीखेज पास मिला, लेकिन स्पेन की गोलकीपर उसे रोकने में कामयाब रही। अंतिम क्वार्टर में स्पेन ने एक पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर गेंद को रोकने में कामयाब रहीं और मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को इंग्लैंड से होगा।

## दबंग दिल्ली और चेन्नई लायंस ने यूटीटी सीजन-4 के सेमीफाइनल में

पुणे। अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे सीजन में दबंग दिल्ली और चेन्नई लायंस ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बुधवार रात को यहां महालुंगे-बलेवादी के शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में हुए मुकाबले में दबंग दिल्ली ने मौजूदा चैंपियन चेन्नई लायंस के खिलाफ 9-6 से जीत दर्ज की।

इसके साथ ही दिल्ली ने 42 और चेन्नई ने 41 अंक के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पुरुष एकल में साथियान ने सरथ कमल को 11-10, 11-3, 11-6 से हराया। महिला एकल में अकुला श्रीजा यांग्झी लियू से 8-11, 11-8, 8-11 से हार गईं।

चौथे सीजन में दबंग दिल्ली और चेन्नई लायंस ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कल हुए मुकाबले में दिल्ली ने मौजूदा चैंपियन चेन्नई लायंस के खिलाफ 9-6 से जीत दर्ज की। महिला एकल में अकुला श्रीजा यांग्झी लियू से 8-11, 11-8, 8-11 से हार गईं।

चौथे सीजन में दबंग दिल्ली और चेन्नई लायंस ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीटीएफआई के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीटा दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रेंचाइजी-आधारित लीग 2017 में अपनी स्थापना के बाद से भारतीय टेबल टेनिस के लिए गेम-चेंजर रही है।

अंत में दबंग दिल्ली के टीटीसी खिलाड़ी ने धैर्य बनाए रखा और गोल्डन प्वाइंट के जरिए मैच जीत लिया।

कई बार के एशियाई खेलों के पदक विजेता दूसरे गेम की शुरुआत में थके हुए दिखे। साथियान ने 11-3 से मैच जीतने से पहले तेजी से बढ़त बना ली। तीसरे मैच में भी वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और दोनों फ्लैंक पर सटीक फोरहैंड शॉट्स के की बदौलत 11-6 से मैच जीत लिया।

दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी यांगजी लियू ने रोमांचक महिला एकल मैच में श्रीजा अकुला को 2-1 से हराकर चेन्नई लायंस को फिर से बराबरी पर ला खड़ा किया। मैच के शुरुआत में यांगज़ी पिछड़ रही थी, क्योंकि श्रीजा ने तेजी से अंक जुटाने के लिए अपने बेदम बैकहैंड का इस्तेमाल किया। ऑस्ट्रेलियाई पैडलर ने हालाँकि जमने के बाद खेल बदल दिया और शुरुआती मैच 11-8 से जीत लिया, इससे पहले श्रीजा ने वापसी करते हुए अगले मैच को 11-8 से जीत लिया और मैच को निर्णायक गेम मे ले गए।

## जापान ओपन : किदांबी को हराकर प्रणय क्वार्टरफाइनल में

टोक्यो। भारत के अग्रणी बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय गुरुवार को अपने हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर जापान ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गये, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने भी दूसरे चरण में जीत दर्ज की।

प्रणय ने पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए किदांबी को 57 मिनट में 19-21, 21-9, 21-9 से मात दी। हाल ही में कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक-चिराग ने प्री-क्वार्टरफाइनल में डेनमार्क के लासे मोल्हेड और जेप्पे बे को 21-17, 21-11 से हराया।

पहला गेम करीबी रूप से जीतने के बाद किदांबी क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार थे लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं।

प्रणय इसका फायदा उठाकर ब्रेक तक 11-5 से आगे हो गये और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## सिराज को मिला वनडे सीरीज से आराम, स्वदेश लौटे

मुंबई। तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज को टखने में दर्द की शिकायत के बाद गुरुवार से वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सिराज ने टखने में दर्द की शिकायत की थी, जिसके बाद बोर्ड की मेडिकल टीम ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

सिराज की जगह टीम में किसी नये गेंदबाज को शामिल नहीं किया गया है। कैरिबियाई टीम के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट शृंखला में भारत की 1-0 की जीत के बाद सिराज टेस्ट टीम के अन्य सदस्य रविचंद्रन अश्विन, अजिंक्य रहाणे, श्रीकर भरत और नवदीप सैनी के साथ स्वदेश लौट आए।

बीसीसीआई ने अनुभवी तेज़ गेंदबाज मोहम्मद शमी को पहले ही विंडीज दौरे से आराम दे दिया था। जसप्रीत बुमराह कमर की सर्जरी के बाद रिहैब से गुज़र रहे हैं और कम से कम आयरलैंड में होने वाली टी20 शृंखला से पहले मैदान पर नहीं लौटेंगे।

तीनों अग्रणी गेंदबाजों की अनुपस्थिति में शार्दुल ठाकुर भारत के सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। उन्होंने अब तक 35 एकदिवसीय मैचों में 50 विकेट लिये हैं। ठाकुर के अलावा उमरान मलिक ने आठ जबकि जयदेव उनाडकट ने सात वनडे खेले हैं। टीम के चौथे तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने अब तक वनडे क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया, हालांकि भारत के पास हार्दिक पांड्या के रूप में एक तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर भी है।

उल्लेखनीय है कि सिराज दिसंबर 2022 के बाद से लगातार भारतीय टीम के साथ सफर कर रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में भी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिये सभी मैच खेले थे।

# अफ्रीकी देश नाइजर में सेना का तख्तापलट

### राष्टपति को अरेस्ट किया, सभी सरकारी दफ्तर सस्पेंड, बॉर्डर सील

नाइजर। पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में गुरुवार को सेना ने तख्तापलट कर दिया। कुछ हथियार बंद सैनिक राष्ट्रपति भवन में घुसे और उन्होंने उस पर कब्जा कर लिया। इसी के साथ राष्ट्रपति मोहम्मद बज्म को सत्ता से हटाकर कैद कर लिया।



न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, सेना ने तख्तापलट का ऐलान नेशनल टीवी पर आकर किया। कर्नल अमादौ अब्द्रमाने अन्य सैन्य अधिकारियों संग टीवी पर आए और राष्ट्रपति को सत्ता से बेदखल करने की बात कही।

#### नाइजर के बॉर्डर सील, पूरे देश में कर्फ्यू घोषित

कर्नल ने आगे कहा, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और खराब शासन के कारण हम राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर रहे हैं। अब्द्रामने ने कहा कि नाइजर के बॉर्डर सील हैं। पूरे देश में कर्फ्यू घोषित है और सभी सरकारी दफ्तरों को सस्पेंड कर दिया गया है।

इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाइजर के राष्ट्रपति को हरसभंव मदद देने की बात कही है। वहीं ह महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति से बात की है और उन्हें संयुक्त राष्ट्र का पूरा समर्थन देने की पेशकश की है।

हालांकि, नाइजर की सेना ने किसी भी विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि वे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

#### पिछले 3 सालों में पश्चिमी और मध्य अफ्रीकी देश में हुए तख्तापलट

#### बुर्किना फासो

बुर्किना फासो की सेना ने जनवरी 2022 में राष्ट्रपति रोच काबोरे को इस्लामी आतंकवादियों द्वारा हिंसा को रोकने में विफल रहने का दोषी ठहराते हुए पद से हटा दिया था। तख्तापलट के नेता लेफ्टिनेंट कर्नल पॉल-हेनरी दामिबा ने सुरक्षा बहाल करने का वादा किया, लेकिन हमले बदतर हो गए, जिससे सशस्त्र बलों का मनोबल गिर गया, जिसके परिणामस्वरूप आठ महीने बाद दूसरा तख्तापलट हुआ, जब वर्तमान जुंटा नेता कैप्टन इब्राहिम ट्रोरे ने सितंबर में विद्रोह के बाद सत्ता पर कब्जा कर लिया।

#### माली

असिमी गोइता के नेतृत्व में मालियन कर्नलों के एक समूह ने अगस्त 2020 में राष्ट्रपति इब्राहिम बाउबकर कीता को पद से हटा दिया। बिगड़ती सुरक्षा, विधायी चुनाव लड़ने और भ्रष्टाचार के आरोपों पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद तख्तापलट हुआ। खैर देश में संवैधानिक शासन की वापसी के लिए फरवरी 2024 में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है।

#### चाड

अप्रैल 2021 में राष्ट्रपति इदरीस डेबी की विद्रोहियों ने हत्या कर दी थी। जिसके बाद चाड की सेना ने सत्ता संभाली। चाडियन कानून के तहत, संसद के अध्यक्ष को राष्ट्रपति बनना चाहिए था, लेकिन एक सैन्य परिषद ने हस्तक्षेप किया और स्थिरता सुनिश्चित करने के नाम पर संसद को भंग कर दिया। डेबी के बेटे, जनरल महामत इदरीस डेबी को अंतरिम राष्ट्रपति नामित किया गया और चुनावों में 18 महीने के परिवर्तन की देखरेख का काम सौंपा गया।

#### गिनी

विशेष बल के कमांडर कर्नल मामाडी डौंबौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को पद से हटा दिया। एक साल पहले, कोंडे ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के लिए संविधान में कुछ बदलाव किए थे। बाद में डौंबौया अंतरिम राष्ट्रपति बने और उन्होंने तीन साल के भीतर लोकतांत्रिक चुनावों में बदलाव का वादा किया।

## फिलीपींस में नाव पलटने से 21 लोगों की मौत

मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला के पूर्व में रिजाल प्रांत की एक झील में गुरुवार को एक नौका पलटने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। फिलीपीन तटरक्षक (पीसीजी) और पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। पीसीजी के प्रवक्ता रियर एडमिरल अरमांडो बालिलो ने एक टेलीविजन साक्षात्कार में बताया कि स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब एक बजे हुई दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना बिननगोनन शहर से लगभग 45 मीटर दूर हुई। प्रारंभ में पीसीजी ने कहा कि दुर्घटना से 30 की मृत्यु हो गई। बाद में बालिलो ने आंकड़े को सही किया। पीसीजी ने कहा कि नाव बिननगोनन शहर से फिलीपींस की सबसे बड़ी झील लगुना डे बे में तालीम द्वीप की ओर जा रही थी जब यह दुर्घटना हुई। पीसीजी ने कहा कि तेज हवाओं ने मोटरबोट को टक्कर मार दी जिससे नाव पर सवार लोगों में दहशत फैल गई। पीसीजी ने कहा, वे नाव के दूसरी ओर चले गए, जिससे वह पलट गई। रिजल प्रांतीय पुलिस ने पुष्टि की कि 21 लोगों की डूबने से मौत हो गई जबकि 40 अन्य दुर्घटना में बच गए। पीसीजी ने बचावकर्मियों की ओर से शव को पानी से निकालते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

## बंगलादेश ने 13 विदेशी दूतावासों को गैर-राजनयिक व्यवहार से दूर रहने की दी नसीहत

ढाका। बंगलादेश सरकार ने हाल ही में ढाका-17 संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार अशरफुल होसेन उर्फ हीरो अलोम पर हमले को लेकर अमेरिका और यूरोपीय संघ समेत 13 विदेशी दूतावासों पर राजनयिक मानदंडों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। बंगलादेश सरकार ने बुधवार को सरकारी गेस्टहाउस पद्मा में 13 विदेशी दूतावास के प्रमुखों को बुलाकर अपने रूख से अवगत कराया। बाद में विदेश मामलों के राज्यमंत्री मोहम्मद शहरयार आलम ने विदेश सेवा अकादमी में संवाददाताओं से कहा कि सरकार को नजरअंदाज करने वाला ऐसा व्यवहार आपसी विश्वास का संकट पैदा करेगा , इसलिए विदेशी राजनयिकों से भविष्य में गैर-राजनयिक व्यवहार से बचने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा, हमने उनके राजनयिकों को बुलाया और उन्हें राजनयिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाले उनके व्यवहार पर हमारे असंतोष के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा, हमने उन्हें बताया है कि यह एक अलग घटना थी और पूरे दिन के स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान का मूल्यांकन करना सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मतदान के अंतिम क्षण में हुई एक घटना को उजागर करने वाले कई राजनयिक पूरे दिन के शांतिपूर्ण चुनाव को प्रतिबिंबित नहीं कर सकते हैं और राजनयिकों ने अपने मूल्यांकन की निष्पक्षता को ठीक से महत्व नहीं दिया है।

## संयुक्त राष्ट्र की लीबिया के राजनीतिक गतिरोध में एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ चेतावनी

त्रिपोली। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने लीबियाई प्रतिनिधि सभा की ओर से संसदीय और राष्ट्रपति चुनावों पर एक खाके (रोडमैप) को मंजूरी देने और एक नई सरकार के नामांकन की घोषणा के बाद देश के राजनीतिक गतिरोध को दूर करने के लिए एकतरफा पहल के खिलाफ चेतावनी दी है। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने बुधवार को एक बयान में कहा, मिशन प्रतिनिधि सभा द्वारा एक रोडमैप की मंजूरी और नई सरकार के लिए नामांकन की घोषणा पर नजर रखता है। मिशन ने लीबिया में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने संबंधित एकतरफा पहल के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है। बयान में कहा गया है कि लीबिया में राजनीतिक प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण चरण में है जिसके लिए सभी प्रमुख हितधारकों की भागीदारी और भागीदारी के साथ एक समावेशी राजनीतिक समझौते की आवश्यकता है। एकतरफ़ा कार्रवाई लीबिया के लिए गंभीर नकारात्मक परिणाम पैदा कर सकती है और आगे अस्थिरता और हिंसा को भड़का सकती है। देश पहले से ही गहरे विभाजन से त्रस्त है और इस तरह के कदमों से आबादी के बीच और अधिक ध्रुवीकरण हो सकता है, जो एक दशक से अधिक समय से पीड़ित हैं।

# नीदरलैंड में जहाज पर आग लगी, एक भारतीय की मौत: 20 घायल

### शिप पर थीं 3 हजार कारें, आग बुझाने में जहाज डूबने का खतरा

**ऐम्सटरडैम।** नीदरलैंड के तट पर एक कार्गो शिप में आग लग गई, जिसमें भारतीय क्रू मेंबर की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल हुए हैं।



इस जहाज पर माल ले जाने वाली 3 हजार कारें मौजूद थीं। शिप के मालिक जापान के शोई किसेन ने कहा कि जहाज पर सभी 21 क्रू मेंबर भारतीय थे। मौके पर रेस्क्यू के लिए पहुंचे जहाज लगातार आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं।

डच न्यूज एजेंसी एएनपी के मुताबिक, आग पर काबू पाने में कई दिन लग सकते हैं क्योंकि इस पर काफी सामान लदा हुआ है। आग बुझाने के लिए लगातार पानी का स्प्रे किया जा रहा है लेकिन ज्यादा पानी से जहाज के डूबने का भी खतरा है।

199 मीटर लंबा पनामा का जहाज फर्मेंटल हाइवे जर्मनी से मिस्त्र का सफर कर रहा था लेकिन मंगलवार रात नीदरलैंड के तट के करीब इस जहाज में आग लग गई।

नीदरलैंड में मौजूद भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर बताया- इस हादसे में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। वो मृतक के परिजनों के संपर्क में हैं और जल्द ही पार्थिव शरीर को भारत भेजा जाएगा। दूतावास ने बताया कि वह हादसे में घायल 20 लोगों के भी संपर्क में हैं और उन्हें जहाज ऑपरेट करने वाली कंपनी के साथ मिलकर सभी जरूरी मदद दी जा रही है।

## मिस्र में कार नहर में गिरी, पांच बच्चों की मौत

काहिरा। दक्षिणी मिस्र में गुरुवार तड़के एक कार नहर में गिर गयी जिससे पांच बच्चों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। कार में ड्राइवर और सात सदस्यीय परिवार सवार था जो सोहाग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लौट रहा था। सोहाग प्रांत के दार अल-सलाम शहर में कार चालक ने विपरीत दिशा से आ रही एक मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और कार पलट कर नहर में गिर गयी। इस हादसे में तीन से दस वर्ष की आयु के पांच बच्चों की मौत हो गयी। माटरसायिक सवार समेत गंभीर रूप से घायल चार लोगों को नजदीक के सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### बरामद हुई 50 लाख की अवैध विदेशी शराब



**सोनभद्र ।** जनपद के हाथीनाला तिराहे पर पुलिस चेकिंग के दौरान एक डीसीएम गाड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में दिखी , जिसे पुलिस दस्ते और आबकारी महकमे ने रोका। इसपर अवैध मदिरा दिखी जिसे बरामद किया विभाग ने। बात कल 26 जुलाई की है जिसका मुकदमा आज 27 को दर्ज करने के बाद बात सार्वजनिक हुई। अपराध संख्या 021/ 27-7-2023 पर दर्ज मुकदमे के मुताबिक आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 एवं ताजीराते हिन्द की दफा 419, 420, 467, 468 व 471 के अधीन आरोप पंजीकृत किया गया। उत्तरप्रदेश आयुक्त आबकारी और जिलाधिकारी सोनभद्र के निर्देश अनुक्रम के परिपालन में सहायक आबकारी आयुक्त ई0आई0बी0 मुख्यालय सन्तोष कुमार, श्रीवास, परशुराम दुबे, अरविंद सोनकर, एसओजी प्रभारी राजेश कुमार सिंह , आबकारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष हाथीनाला द्वारा हाथीनाला तिराहे पर डीसीएम रोकी गई। सवार चालक भागने लगे जिन्हें आबकारी और पुलिस ने पकड़ा। गाड़ी से बरामद अवैध शराब में 760 एमएल की 183 पेटी, 375 एमएल की 168 पेटी, 180 एमएल की 200पेटी शराब पकड़ी गई |कुल 551 पेटी में 9639 ब लीटर रही विदेशी मदिरा जिसके ब्राण्ड इम्पीरियल ब्लू रिजर्व ग्रेन व्हिस्की फ़ॉर सेल इन पंजाब अंकित थे। इसकी कीमत 50 लाख अनुमानित बताई गई।

### भैंस चोरी की पुलिस से की शिकायत

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर/रेहरा बाजार। थाना क्षेत्र रेहरा बाजार अंतर्गत रमपुरवा ( भैरवा) गांव में चोरों ने मध्य रात्रि में चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना से गाँव के लोग दहशत में हैं। चोरी हुई भैंसों की कीमत लाखों रुपये की बताई गई है। रमपुरवा ( भैरवा) निवासी जैसराज चौहान ने पुलिस को शिकायत करते हुए कहा कि वह अपने घर पर सो रहा था और उसकी दो भैंसे घर के सामने खूंटे से बांधी थी। रात करीब 12 बजे के बाद वह सो गया। चोर रात्रि में करीब दो से तीन बजे के बीच घटना को अंजाम दिया है। उसने आसपास तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### अटेवा घोरावल ब्लॉक की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र।** अटेवा ब्लॉक कार्यकारिणी घोरावल की बैठक हुई जिसमें अटेवा के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा हुई एवं आगामी रणनीति बनाई गई जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बैस ने बताया कि अटेवा के आगामी कार्यक्रम 1 अक्टूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली, 30 जुलाई को लखनऊ में महिला महासम्मेलन एवं 15 जुलाई से वार्षिक सदस्यता अभियान चल रहा है। इन सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई जिसमें अटेवा के जिला प्रवक्ता प्रभा शंकर मिश्र, दिनेश मिश्र, मयंक दुबे, अनिल प्रजापति, प्रवीण कुमार, संजय मौर्या, हनुमंत सिंह, प्रेम प्रकाश, वर्मा, पवन कुमार, पुष्पेन्द्र, दीपचंद, प्रा. शि. संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रा. शि.संघ घोरावल ब्लॉक की बैठक सम्पन्न



**सोनभद्र।** प्रा. शि. संघ ब्लॉक कार्यकारिणी घोरावल की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर के आवास पर आयोजित हुई जिसमें प्रा. शि. संघ के प्रदेश नेतृत्व के आगामी 18 सूत्रीय मांगों एवं कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा हुई एवं आगामी रणनीति बनाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि प्रा. शि. संघ का आगामी कार्यक्रम 10 अगस्त से 15 अगस्त के बीच है जिसमें क्षेत्रीय विधायक को 18 सूत्रीय मांग पत्र सौंपना, 4 सितम्बर को जिल बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम से मांगपत्र सौपना शामिल है। आगे कहा कि संघ की मांगे न माने जाने पर सितम्बर के अंतिम सप्ताह में शिक्षा निदेशालय निशातगंज लखनऊ में धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है। इसी को सफल बनाने के लिए ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई। बैठक में उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश वर्मा, प्रभाशंकर मिश्र, रामलाल सिंह, दिनेश मिश्र, मयंक दुबे, अनिल प्रजापति, प्रवीण कुमार, संजय मौर्या, हनुमंत सिंह, पवन कुमार, पुष्पेन्द्र, दीपचंद, अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बैस सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सुप्रीम कोर्ट का शुभेंदु अधिकारी की विशेष अनुमति याचिका पर शीघ्र सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी के कथित भड़काऊ भाषण मामले में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिकारी की ओर से पेश अधिवक्ता बांसुरी स्वराज से कहा कि यह मामला पहले से ही चार अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के 20 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में दायर अधिकारी की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वराज ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान किया था। स्वराज ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश उच्चतम न्यायालय के पिछले आदेश और उच्च न्यायालय की समन्वय पीठ के याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने पर रोक लगाने के आदेश के खिलाफ है।

### फिरोजाबाद में पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के जसराना क्षेत्र में गुरुवार को एक पूर्व प्रधान की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि खेतों के समीप पूर्व प्रधान सत्यपाल सिंह ( 54) की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी । हमलावरों की तलाश में पुलिस द्वारा चार टीमें गठित कर दी गई है। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर निवासी पूर्व प्रधान सत्यपाल सिंह शिकोहाबाद मुस्तफाबाद रोड पर स्थित अपने खेतों में मजदूरों से काम करा रहे थे। दोपहर के समय वह अपनी मोटरसाइकिल से समीप के गांव की ओर जा रहे थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात हमलावरों ने उन्हें घेरकर देहुली मोड़ पर गोली मार दी गई। गोली लगने से वह जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस के साथ ही सीओ राजवीर सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

# पूरे देश में लगेंगे यूपी जैसे जन आरोग्य मेले

## योगी सरकार के इस अभियान को मॉडल के रूप में लेगी केंद्र सरकार, पूरे देश में लगेगा आयुष्मान मेला

लखनऊ। योगी का यूपी अब स्वस्थ होने की राह पर तेजी से बढ़ चुका है। इस सफल राह को देखते हुए अब पूरे देश में यूपी जैसे जन आरोग्य मेले लगेंगे। योगी सरकार के इस अभियान को केंद्र सरकार मॉडल के रूप में लेकर पूरे देश में आयुष्मान मेला लगाएगी। इस मेले में आए रोगियों को तत्काल इलाज मिलता है और गंभीर रोगी बड़े अस्पतालों में रेफर किए जाते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा था कि स्वास्थ्य क्षेत्र में समृद्ध-स्वस्थ यूपी का सफल मॉडल अब पूरा देश लागू करेगा।



### फरवरी 2020 में शुरू हुआ था जन आरोग्य मेला

समाज के अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फरवरी 2020 से मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारंभ किया था। प्रत्येक रविवार को लगने वाले इस मेले में अब तक पूरे प्रदेश के 12 करोड़ से अधिक मरीज लाभान्वित हुए। इसका लाभ जन-जन को मिला।

### अब तक लग चुके हैं 106 मेले

मेले के चौथे चरण का 62वां (कुल 106 वां) मेला 23 जुलाई 2023 को यूपी में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं, जांच-उपचार, गोल्डन कार्ड के वितरण के साथ ही स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण यह मेला आमजन के हित में रहा। इसे मरीजों ने काफी सराहा भी। इस मेले की सफलता को देखते हुए अब केंद्र सरकार भी पूरे देश में आयुष्मान मेला लगाने की तैयारी कर रही है।

फरवरी 2020 से 23 जुलाई तक हुए आरोग्य मेले में 120173552 मरीजों को लाभ मिला। इसमें से 222051 गंभीर रोगियों को उच्च केंद्रो पर भेजा गया। इस दौरान 1328155 गोल्डेन कार्ड बने।

वहीं 23 जुलाई को लगे 106वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में सूबे के सभी 75 जनपदों में 1,48,152 रोगियों ने स्वास्थ्य जांच कराई। इसमें 60623 पुरुष, 61747 महिलाएं व 25782 बच्चे लाभान्वित हुए। गंभीर रोगों से ग्रसित 1052 मरीजों को उच्च चिकित्सालयों में भेजा गया। 5535 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। इस मेले में फीवर के कुल 8545 केस आए, इसमें से 3403 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किये गये। 17 मरीजों में मलेरिया के लक्षण पाए गए। डेंगू के 982 टेस्ट में से भी किसी में भी यह लक्षण नहीं मिले।

# भारतीय समाज आदान-प्रदान का समाज है: प्रो. बद्री नारायण

नयी दिल्ली। साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित कवि एवं जी.बी. पंत सोशल साइंस इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. बद्री नारायण ने गुरुवार को कहा कि भारतीय समाज आदान-प्रदान का समाज है। एक-दूसरे को सम्मान देने का समाज है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में गुरुवार को 'प्रो. नामवर सिंह स्मृति व्याख्यान' का आयोजन किया गया। आईजीएनसीए के कला निधि प्रभाग की ओर से आयोजित व्याख्यान' का विषय 'जनतांत्रिक भाव और साहित्य' था, जिसमें प्रो. बद्री नारायण मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजीएनसीए के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने की और स्वागत भाषण आईजीएनसीए के सदस्य सचिव प्रो. सच्चिदानंद जोशी ने दिया।

प्रो. नारायण ने कहा कि आईजीएनसीए ने प्रो. सिंह की स्मृति का संस्थानीकरण करने का महत्त्वपूर्ण काम किया है। प्रो. सिंह हमेशा संवाद के पक्षधर थे। उनका साथ हर कोई चाहता था, चाहे वह किसी विचारधारा का हो। प्रो.नामवर जी को किसी से संवाद करने में कोई समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि नामवर सिंह मौखिक परम्परा को बहुत महत्त्व देते थे। उन्होंने लिखा कम है, बोला ज्यादा है। मौखिक परम्परा लोक चेतना को अभिव्यक्त करती है, जबकि आधुनिकता हमारी संवाद परम्परा को बाधित करती है।

# पेरिस और लन्दन की तर्ज पर विकसित होंगे कुम्भ नगरी के स्ट्रीट वेंडिंग ज़ोन

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार कई स्तरों पर युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। कुम्भ नगरी प्रयागराज के स्ट्रीट वेंडिंग जोन का कायाकल्प इसी का एक हिस्सा है जिसमें पहली बार पेरिस और लन्दन की स्ट्रीट वेंडिंग जोन की झलक देखने को मिलेगी। कुम्भ मेला प्रशासन ने इसके लिए कार्य शुरू कर दिया है।

स्मार्ट सिटी प्रयागराज में अब स्ट्रीट वेंडिंग व्यवस्था भी स्मार्ट बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुम्भ मेला प्रशासन इसे लेकर नयी व्यवस्था लागू करने जा रहा है। प्रयागराज शहर से कुम्भ मेला क्षेत्र में पहुचने के पहले देश - विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को स्ट्रीट वेंडिंग की विश्व स्तरीय व्यवस्था देखने को मिले इसे लेकर प्रशासन ने रोड मैप तैयार कर लिया है । कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद बताते हैं कि शहर में स्वच्छता के साथ स्ट्रीट वेंडिंग व्यवस्था में बड़े बदलाव कर इसे अलग स्वरूप दिया जा रहा है।

सुनियोजित स्ट्रीट वेंडिंग ज़ोन से से जहाँ एक तरफ शहर में सड़कों के अतिक्रमण की समस्या से भी निजात मिलती है तो वहीं दूसरी तरफ शहर में स्वच्छता की स्थिति भी बेहतर होती है।

प्रयागराज के स्ट्रीट वेंडिंग ज़ोन का खाका तैयार कर रहे कुम्भ मेला प्राधिकरण ने इसे ध्यान में रखकर शहर के सभी स्ट्रीट वेंडिंग ज़ोन के कायाकल्प की योजना तैयार की है।

# थारू जनजाति क्षेत्रों में विकास एवं अवस्थापना को गति दी जाएं

## पायलट अभियान चलाकर कराया जाए वन क्षेत्र में पड़ने वाले बड़े जलाशयों की डिसेंट्रिंग का कार्य

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**बलरामपुर।** वन क्षेत्र होने के कारण थारू जनजाति क्षेत्र में कनेक्टिविटी एवं अवस्थापना के कार्यों को कराए जाने में समस्या व रुकावट का सामना करना पड़ता है। थारू जनजाति के लोगों का विकास की धारा से दूर ना रहे व उनका अनावश्यक रूप से उत्पीड़न ना हो इसके लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा डीएफओ के साथ गहन चर्चा की गई। उन्होंने कहा की थारू जनजाति क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं विद्युत,पेयजल, कनेक्टिविटी, दूरसंचार आदि सुविधाओं से संतृप्त किया जा सके इसके सड़क निर्माण कार्य एवं अवस्थापना कार्य अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वन विभाग से अनापत्ति



प्रमाण पत्र ना मिलने के कारण कई विकास कार्य लंबित हैं, जिससे थारू जनजाति के लोग विभिन्न योजनाओं से वंचित है। एक्ट की धाराओं का गहन अध्ययन एवं शासन स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाए जाने की बात डीएफओ को कहीं। जिलाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र में पड़ने वाले बड़े जलाशयों की डिसेंट्रिंग का कार्य पिछले 30 वर्षों से ना होने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि जलाशयों एवं बंधो की डिसेंट्रिंग होने के कारण वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे कि भारी बारिश के कारण पहाड़ी नालों में आने वाला पानी इन जलाशयों व बांधो में ना जाकर बाढ़ का कारण बनता है।

जिलाधिकारी ने पायलट अभियान स्वरूप वन क्षेत्र में पड़ने वाले जलाशयों एवं बंधो की डिसेंट्रिंग कराए जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए शासन स्तर से पत्राचार की कार्यवाही किए जाने जाने में तेजी लाए जाने तथा डिसेंट्रिंग की रूपरेखा तथा एसओपी तैयार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की बाढ़ की विभीषिका से बचाव को वन क्षेत्र में पड़ने वाले जलाशयों की डिसेंट्रिंग से दूरगामी प्रभाव होगा तथा अगले 2 वर्षों में इसका अच्छा नतीजा देखने को मिलेगा तथा पहाड़ी नालों से आने वाली बाढ़ तक काफी हद तक निजात मिलेगी।

# मानव तस्करी रोधी इकाई व विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त रूप से आहूत हुई समीक्षा बैठक

## बच्चो को दें बाल अधिकार, बचपन न जानें दें बेकार : त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी

सोनभद्र । अपर पुलिस अधीक्षक (आप0) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में S.J.P.U.°´ A.H.T.U. की मासिक समीक्षा एव गोष्ठी समुच्चय में पूर्व में जारी की गई कार्यवृत्ति का अनुपालन विषयक परिचर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन ) द्वारा महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी S.O.P. अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी- विवेचकों के समक्ष आ रही समस्या, पीड़ितों के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशा मुक्त अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 मे हुए नवीनतम संशोधन , पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को



के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना, बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि, किशोर न्याय बोर्ड में पुलिस अधिकारियों द्वारा रिमांड लेने हेतु सादे वस्त्रों में आने जे.जे. एक्ट की धारा 24 आदि के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष अखिल नारायण देव पाण्डेय, सदस्य अमरेश चन्द्र पाठक, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, वन स्टॉप सेंटर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह , जनपद के थानों के समस्त बाल कल्याण अधिकारी व सहायक बाल कल्याण अधिकारी तथा थाना एएचटीयू निरीक्षक रामजी यादव मय स्टाफ शामिल रहे आद्योपान्त।

### यमुना खतरे के निशान से 47 सेमी ऊपर

मथुरा। मथुरा में बाढ़ का प्रकोप धीरे धीरे भले ही कम हो रहा हो लेकिन प्रयाग घाट पर यमुना गुरूवार को शाम खतरे के निशान से 47 सेमी ऊपर बह रही थी। ओखला और ताजेवाला हेडवर्क्स से पानी छोड़ने के कारण मथुरा में एक बार फिर से बाढ आ गई है तथा वृन्दावन के परिक्रमा मार्ग पर नाव चल रही हैं। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि बाढ का पानी धीरे धीरे कम होने के कारण बाढ प्रभावित क्षेत्र में सिल्ट है और रपटन भी है। यमुना में जल का बहाव काफी तेज है। किसी दुर्घटना को रोकने के लिए बाढ प्रभावित हुए क्षेत्र में जाने या स्नान करने पर रोक लगा दी गई है। उन्होने बताया कि बाढ का पानी कम होने के कारण बीमारियां फैल रही हैं विशेषकर कन्जक्टवाइटिस का प्रकोप तेज है। वैसे तो डाक्टरों की टीमे बाढ प्रभावित हर घर में जा रही है फिर भी कन्जक्टवाइटिससे पीड़ित लोगों से कुछ समय के अन्तराल में आंखों को धोने तथा परिवार के अन्य सदस्यों से बीमारी के दौरान अलग रहने की सलाह दी गई है।

# कालानमक की सुंगध और स्वाद के विदेशी भी मुरीद

**लखनऊ।** कालानमक धान के चावल का क्रेज विदेशों में भी लगातार बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा इसे सिद्धार्थनगर का एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित करने के साथ इसकी खूबियों की जबरदस्त ब्रांडिग के नाते तीन साल में इसके निर्यात में तीन गुने से अधिक की वृद्धि हुई है।

राज्यसभा में 17 दिसंबर 2021 को दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2019/2020 में इसका निर्यात 2 फीसद था। अगले साल यह बढ़कर 4 फीसद हो गया। 2021/2022 में यह 7 फीसद रहा। कालानमक धान को केंद्र में रखकर पिछले दो दशक से काम कर रही गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ (पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन) के चेयरमैन डा आरसी चौधरी के अनुसार पिछले दो वर्षों के दौरान उनकी संस्था ने सिंगापुर को 55 टन और नेपाल को 10 टन कालानमक चावल का निर्यात किया। इन दोनों देशों से अब भी लगातार मांग आ रही है। इसके अलावा कुछ मात्रा में दुबई और जर्मनी को भी इसका निर्यात हुआ है। पीआरडीएफ के अलावा भी कई संस्थाएं कालानमक चावल के निर्यात में लगी हैं। उल्लेखनीय है की स्वाद, खुश्बू और पोषण से भरपूर कालानमक धान को भगवान बुद्ध का प्रसाद माना जाता है। सिद्धार्थनगर का ओडीओपी होने के साथ इसे जीआई टैग भी हासिल है। इस सबके नाते यह भविष्य में निर्यात के मामले में बासमती को टक्कर दे सकता है।

कालानमक दुनिया का एक मात्र प्राकृतिक चावल है जिसमें वीटा कैरोटिन के रूप में विटामिन ए उपलब्ध है। अन्य चावलों की तुलना में इसमें प्रोटीन और जिंक की मात्रा अधिक होती है। जिंक दिमाग के लिए और प्रोटीन हर उम्र में शरीर के विकास के लिए जरूरी होता है।

### ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति को करें सक्रिय: सुधांशु शेखर शर्मा




**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के आदेश पर खण्ड विकास अधिकारी गुरु शरन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में चतरा ब्लॉक सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी ने बच्चों के संरक्षण के लिए ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार- प्रसार व जागरूकता हेतु योजना बना कर कार्य करने पर पुरजोर बल दिया। एम0ओ0आई0सी0 चतरा डॉक्टर दिव्य कीर्ति आजाद द्वारा बाल विवाह व उससे होने वाले हानियों के बारे में वृहत्तर चर्चा हुई। एस0आई0 पन्नूगंज थाना रामज्ञा सिंह यादव द्वारा आपात कालीन सेवाओं जैसे 1098, 1076, 1070, 181, 112 टोल फ्री नंबरों व बाल श्रम, बाल तस्करी की रोकथाम अपने आख्यान रेखांकित किये। खण्ड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम व ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के समुद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में संरक्षण अधिकारी (संस्थानिक) गायत्री दूबे ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजना जैसे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्शरशिप योजना, जनपद में संचालित बाल देख-रेख संस्थाओं व बाल भिक्षावृत्ति के बारे विस्तृत वृत्तांत उकेरे तो , सीमा द्विवेदी जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र द्वारा निराश्रित महिला पेंशन, वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष के बारे में विधिवत व तर्कसम्मत बातें उकेरी । बैठक में रश्मि जयसवाल मुख्य सेविका, सपना मौर्या महिला कांस्टेबल तथा समिति के अन्य सदस्यगणों की सोत्साह समुपस्थिति बनी रही।

# अन्तर्जनपदीय साइबर फ्रॉड गिरोह के 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोण्डा।** अजय प्रताप सिंह पुत्र बासुदेव सिंह द्वारा थाना को0 नगर में सूचना दी कि नौकरी की तालाश के लिए वर्क इण्डिया वेबसाइड पर मैने अपना डिटेल दिया था तो मुझे मो0नं0- 6313915236 से फोन आया तथा उसने अपना परिचय प्रदीप कुमार एच0डी0एफ0सी0 बैक मैनेजर नोएडा बताया तथा नौकरी में सेलेक्ट होना बताया तथा व्हाटसअप पर मेरा इण्टरव्यू हुआ और मेरी सैलरी के लिए मुझे केनरा बैंक मे खाता खुलवाया गया उसमें दूसरे का मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड करवाया गया तथा ए0टी0एम0 कार्ड मथुरा के पते पर मंगवाया गया। जिससे मुझे प्रतीत होता है कि मेरे खाते का प्रयोग साइबर फ्रॉड के लिए होता है। सूचना पर थाना को0नगर में सम्बन्धित धाराओं में



अभियोग पंजीकृत किया गया। सूचना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने आरोपी अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु प्र0नि0 को0 नगर व प्रभारी साइबर सेल/सर्विलांस सेल को निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के मार्गदर्शन में थाना को0 नगर व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों की मदद से प्रकाश में आये 05 आरोपी अभियुक्तों- मनोज कुमार सारस्वत, अंकुर,अरशद, अरमान उर्फ मोनू, मनौवर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 अदद मोबाइल फोन, 24 अदद ए0टी0एम0 व 05 अदद बन्द लिफाफा ए0टी0एम0 बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि हम लोग ऑनलाइन नौकरी तलाश करने वाले लोगो का डेटा प्राप्त कर उनको बैंक मैनेजर बनकर कॉल करते है, उसके बाद उनसे सैलरी एकाउण्ट के नाम पर खाते खुलवाते है इन खाते मे हम अवैध तरीके से अलग-अलग राज्यों से खरीदे गए सिमकार्डो को रजिस्टर्ड करवाते है तथा गारण्टी के नाम पर उन खातों का ए0टी0एम0 कार्ड कोरियर के माध्यम से अपने कोरियर संचालक साथियों के पास मंगवा लेते है, हमारे अन्य राज्यों में बैठे हुए साथी भोले-भाले लोगो को उनके रिस्तेदार बनकर उनसे पैसे ऐठते है तथा उनको अन्य-अन्य जिलों/राज्यों से पैसे निकलवा लेते है। अबतक हमलोगो द्वारा लगभग करोड़ो रूपयों की ढगी की जा चुकी है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

# टीकाकरण पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन

नयी दिल्ली। विभिन्न मीडिया माध्यमों से जुड़े हुए मीडिया कर्मियों को टीकाकरण से संबंधित झिझक और भ्रांतियों का सफलता पूर्वक मुकाबला करने तथा अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण के दायरे में लाने एवं इस बाबत प्रोत्साहित करने के लिए जरूरी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को यहां एक क्षमता-निर्माण कार्यशाला का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

इस कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) और यूनिसेफ के बीच संयुक्त साझेदारी के तहत हुआ। बड़ी बात यह है कि यह कार्यशाला अगस्त माह की शुरुआत में चलाये जाने वाले भारत के वैक्सीन कैच-अप अभियान, गहन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) 5.0 के आगामी लॉन्च से पहले आयोजित की गई थी।

आईएमआई 5.0 का मुख्य रूप से 0 से 5 वर्ष की आयुसीमा के उन सभी बच्चों पर विशेष रूप से फोकस करेगा जो अभी तक जी डोज के दायरे में आते हैं। बच्चों तक शून्य खुराक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्येक बच्चे को जीवन रक्षक टीका लगाई जाये।

इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि देश में खसरा और रूबेला उन्मूलन की दिशा में एक बड़ी छलांग लगाई जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि 5 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे ने खसरा और रूबेला युक्त वैक्सीन (एमआरसीवी) की दो-खुराक की नियत शेड्यूल पूरी कर ली है।